राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार

जयपुर, शनिवार, 7 दिसम्बर, 2024

राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

सुविचार

आत्मविश्वास से हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं खुद पर विश्वास हमे की ओर ले जाता है।

# हमारा समाचार

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346
9828467603

दैनिक | वर्ष : 12 | अंकः 209 | प्रातः कालीन | मूल्यः 2.50 रुपए | पृष्ठः 8 | hamarasamachar02@gmail.com

भारत-बांग्लादेश के बीच बढ़ा तनाव!

## सरकार ने कोलकाता स्थित उप उच्चायुक्त को बुलाया ढाका



हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर भारत में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच कोलकाता में तैनात अपने कार्यवाहक उप उच्चायुक्त सिकदर मोहम्मद अशरफुर रहमान को परामर्श के लिए तत्काल ढाका बुलाया है। रहमान बांग्लादेश के राजनीतिक मामलों के मंत्री भी हैं और वह राजधानी ढाका लौट गए हैं। कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, कोलकाता में हमारे कार्यालय के बाहर जारी विरोध प्रदर्शनों के बाद अशरफुर रहमान को बातचीत के लिए बुलाया गया है। इसके अलावा, वह अगले सप्ताह दोनों देशों के बीच होने वाली विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। वह इस महीने के मध्य तक वापस आ जाएंगे। राजनीतिक दलों और धार्मिक समूहों ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अत्याचारों की निंदा करते हुए कोलकाता स्थित उप उच्चायोग के सामने पिछले सप्ताह कई विरोध प्रदर्शन किए।

## किसानों को रोकने पर राहुल ने सरकार को घेरा कहा- उन पर आंसू गैस के गोले दागना निंदनीय

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान दिल्ली की तरफ कूच कर रहे थे। किसानों ने बैरिकेडिंग और कंटीले तार हटा दिए लेकिन हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पार नहीं करने दिया। लगभग एक घंटे बाद पुलिस की तरफ से किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने शुरू किए गए। हरियाणा पुलिस की तरफ से प्लास्टिक की गोलियां भी चलाई गईं। अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोके जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने कहा कि उनपर आंसू गैस के गोले दागना और उनको निंदनीय है। किसान सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखने और अपनी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए दिल्ली आना चाहते हैं। उनपर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें तरह-तरह से रोकने का प्रयास करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए।

# इस बार सर्दी ने छुड़ा दिए किसानों के पसीने.. दिसम्बर ने दिया बड़े नुकसान का 'रेड अलर्ट'!

हमारा समाचार @ विकास शर्मा

## दिसंबर का एक सप्ताह बीता लेकिन नहीं छूटी 'धूजणी'

**जयपुर।** मानूसन के दौरान इस साल गिरी भारी बारिश ने प्रदेश में सालों से सूखे ताल-तलैये भी भर दिए। इसके बाद उम्मीद थी कि सर्दी भी प्रदेश में कड़ाके की पड़ेगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। दिसंबर का पहला सप्ताह बीत गया है और सर्दी के तेवर ढीले पड़े हैं। पिछले करीब 20 दिनों में एक-दो दिनों को छोड़ दिया जाए तो तापमान सामान्य से अधिक ही रहा है। आगे भी इस सीजन में ठंड कम पडने के आसार जताए जा रहे हैं और यही कारण है कि सर्दी ने किसानों को 'रेड अलर्ट' दे दिया है। दरअसल, अगर अगले एक दो सप्ताह में भी सर्दी के तेवर तीखे नहीं हुए तो फसलों को भारी नुकसान होना तय है। ऐसा एक-दो नहीं बल्कि रबी की सभी फसलों को के साथ होने वाला है। सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं और चने की फसल पर पड़ेगा। मौसम के इन हालातों को देखते हुए प्रदेश के कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों ने भी किसानों के लिए एडवाइजरी जारी करनी शुरू कर दी है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो सर्दी नहीं पडने से गेहूं की फसल में फोर्स मेच्युरिटी होने से गेहूं का दाना छोटा रहने की संभावना है। वहीं सरसों, मटर में मोइला और चने की फसल में रोग लगने की आशंका व्यक्ति की गई है। इससे भी फसल की पैदावार पर विपरीत असर पड़ेगा। पैदावार कम होने से किसानों को आर्थिक नुकसान होगा। रबी सीजन की फसल के अनुरूप अगर तापमान नहीं होता है तो पौधों की जड़ो में भी वृद्धि रुक जाती है, जिसकी वजह से पौधा पोषण लेना बंद कर देगा और फसल की पैदावार प्रभावित हो जाएगी।

पारा नहीं गिरा तो होगा बड़ा नुकसान

बड़े पारे ने दिया फसलों को झटका

### आगे भी तापमान नहीं गिरा तो रबी सीजन पर होगा सीधा असर, सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं और चने की फसल पर



### मौसम विभाग ने भी चेताया

इस बार शीतलहर के दिन रहेंगे कम




मौसम विभाग की मानें तो अगले सप्ताह से प्रदेश में सर्दी अपना असर दिखाना शुरू करेगी। तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। इसके अलावा आगामी दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में सर्दी का असर और तेज होने की संभावना है। दिसंबर के दूसरे सप्ताह से प्रदेश के लगभग सभी जिलों के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी, जिससे कंपकंपी वाली सर्दी महसूस होगी। वहीं दिसंबर के तीसरे और चौथे सप्ताह से कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार इस बार राजस्थान में दिसंबर के मध्य से जनवरी तक कड़ाके की सर्दी रहने वाली है। इसके बाावजूद इस बार शीतलहर के दिन पिछले सालों की तुलना में कम रहने की आशंका जताई गई है।

### बेहद खराब है मौसम के मिजाज, अब मावठ का बेसब्री से इंतजार

प्रदेश में इन दिनों मौसम के मिजाज खराब ही हैं। मानसून समाप्त होने के बाद से प्रदेश में बिलकुल बारिश नहीं हुई है। जबकि अब तक सामान्यतौर पर मावठ के एक-दो दौर हो जाते हैं। बारिश नहीं होने के कारण मौसम की नमी खत्म हो गई है और तापमान के सामान्य से ज्यादा रहने का ये भी एक बड़ा कारण है। इसके कारण जहां एक तरफ मौसमजनति रोगों की मार ज्यादा पडने लगी है। वहीं सबसे ज्यादा असर प्रदेश के किसानों पर पडने की आशंका खड़ी हो गई है। दरअसल, कम सर्दी में बीज सही ढंग से अंकुरित नहीं होंगे और पैदावार प्रभावित होगी। अमूमन नवंबर के मध्य तक प्रदेश में सर्दी असर दिखाने लगती है। लेकिन इस बार हालात बिलकुल विपरीत हैं। सिर्फ सुबह और शाम को ही हल्की सर्दी का अहसास होता है, गर्म कपड़े अभी तक भी नहीं निकले हैं। बारिश के अभाव में वातावरण में नमी नहीं है। इस वजह से ना कोहरा छाया है और ना मावठ हुई, जबकि रबी की फसल को ये लाभ देने वाले हैं।

राइजिंग राजस्थान समिट में सुरक्षा में लगे 4 हजार पुलिसकर्मी

## 11 आईपीएस, 36 एडिशनल एसपी और 67 डिप्टी एसपी तैनात रहेंगे, जेईसीसी परिसर छावनी में बदला

हमारा समाचार



**जयपुर।** जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी कॉलेज परिसर में 9 दिसम्बर को राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री के जयपुर दौरे और समिट की सुरक्षा को लेकर जेईसीसी परिसर को छावनी में बदला गया है। पुलिस प्रशासन की ओर से पूरे जयपुर शहर में चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। समिट के दौरान सुरक्षा का जिम्मा 11 आईपीएस अफसरों सहित करीब 4 हजार पुलिसकर्मियों संभालेंगे। एडि. कमिश्नर (लॉ एण्ड ऑर्डर) रामेश्वर सिंह ने बताया- जेईसीसी कॉलेज परिसर में 9 दिसम्बर को राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन होगा। समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। वहीं, इसमें देश-विदेश से कई मेहमान और उद्योगपति भी समिट में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के जयपुर दौरे और समिट की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद इंतजाम किए गए है। जेईसीसी परिसर को छावनी में तब्दील किया गया है। जयपुर शहर में सुरक्षा का जिम्मा 11 आईपीएस अफसरों सहित 4 हजार पुलिसकर्मियों को सौंपा गया है। पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था के लिए भी 2 आईपीएस समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को कमान सौंपी गई है।


### हर गतिविधियों पर रखी जा रही नजर

आयोजन को लेकर जयपुर शहर में हर गतिविधि पर पुलिस टीमों की ओर से निगाह रखी जा रही है। अभय कमांड सेंटर के साथ माहौल बिगड़ने से बचाने के लिए सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा इंतजामों को देखते हुए पुलिस टीमों की ओर से होटल-गेस्ट हाउस के साथ ही रेलवे-बस स्टेंड व ट्यूरिस्ट पैलेस पर भी चैकिंग की जा रही है। सुरक्षा के लिए 11 आईपीएस, 36 एडिशनल एसपी, 67 डिप्टी एसपी, 182 इंस्पेक्टर, 320 एसआई-एएसआई, 2750 पुलिस जवान और 4 कंपनी आरएसी की तैनाती की गई है।

## पुष्पा-2 ने पहले दिन दुनिया भर में 294 करोड़ कमाए

शाहरुख की 'जवान' को पीछे छोड़ा

हमारा समाचार



**नई दिल्ली।** अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा- 2 सिनेमाघरों में ओपनिंग डे पर दुनियाभर में 294 करोड़ की कमाई की। इसमें इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कलेक्शन 175.1 करोड़ रुपए रहा। पुष्पा-2 ने हिंदी वर्जन में 72 करोड़ रुपए की कमाई की है। हिंदी वर्जन में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। जवान ने पहले दिन हिंदी बेल्ट में करीब 65 करोड़ का कलेक्शन किया था। वर्ल्डवाइड में कलेक्शन के साथ पुष्पा-2 अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। साल 2021 में पुष्पा ने भी बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स बनाए थे। इंडियन बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी पुष्पा-2 ने एसएस राजामौली की फिल्म फ्फ्फ्के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। फ्फ्फ ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 133 करोड़ की ओपनिंग की थी। पहले एडवांस बुकिंग में भी तोड़ा रिकॉर्ड सैकनिल्क वेबसाइट के मुताबिक, एडवांस बुकिंग के पहले 24 घंटे में 'पुष्पा 2 के 3 लाख से ज्यादा टिकट बिक गए थे। फिल्म ने भारत में पहले ही दिन 10 करोड़ रुपए का एडवांस कलेक्शन किया था। वहीं, ब्लॉक सीट्स के साथ ये आंकड़ा करीब 12 करोड़ रुपए था। फिल्म ने प्री-सेल्स में शाहरुख खान की पठान को पीछे छोड़ दिया था। जनवरी 2023 में पहले दिन फिल्म पठान के 2 लाख से कम टिकट बिके थे। पुष्पा-2 से पहले, फिल्म पठान एडवांस बुकिंग में सबसे आगे थी।

# देश में खुलेंगे 85 केंद्रीय और 28 नवोदय विद्यालय

कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें तमाम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में 85 केंद्रीय और 28 नए नवोदय विद्यालय खोले जाएंगे। ये विद्यालय उन जिलों खोले जाएंगे जिनको नवोदय विद्यालय योजना के तहत कवर नहीं किया गया है। इसके अलावा बैठक में हरियाणा से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए दिल्ली मेट्रो के 26.46 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए पीएम श्री लाया गया। सभी केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूलों के रूप में नामित किया गया है। ताकि उन्हें मॉडल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नए केंद्रीय विद्यालय खुलने से देश भर में 82 हजार से अधिक छात्रों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मौजूदा समय में 1256 कार्यात्मक केंद्रीय विद्यालय हैं। इनमें तीन विदेश में हैं। इनमें मॉस्को, काठमांडू और तेहरान शामिल हैं। 13.56 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ रहे हैं।




### दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में छठवें कॉरिडोर दी गई मंजूरी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले 248 किमी लंबी मेट्रो का काम देश में हुआ था। जबकि 2014 से 2024 तक 745 किमी मेट्रो का काम हुआ है। मौजूदा समय में एक हजार किमी मेट्रो का काम चल रहा है। दिल्ली में चार फेज में काम करने की योजना है। तीन फेज में 296 किमी में काम हो चुका है। चौथे फेज में छह कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें पांच कॉरिडोर पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं। अब कैबिनेट ने छठवें कॉरिडोर को मंजूरी दी है। चौथे चरण में छठवां कॉरिडोर में 26.462 किमी लंबा होगा। इसमें 21 स्टेशन होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छठवें कॉरिडोर से दिल्ली-हरियाणा की कनेक्टविटी बढ़ेगी। यह कॉरिडोर रिठाला से शुरू होकर नरेला-कुंडली तक जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# किरोड़ी बोलेः मेरी सरकार में मेरे खिलाफ ही मामला दर्ज हुआः मुख्यमंत्री बता सकते हैं किसके इशारे पर किया; सीआई पर कार्रवाई नहीं हो रही

हमारा समाचार

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान से पहले भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपनी ही सरकार के खिलाफ हो गए हैं। किरोड़ीलाल मीणा ने आज (शुक्रवार) को प्रेस क्लब में मीडिया से बात करते हुए कहा- मेरी सरकार में मेरे ही खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रहा है। सीआई कविता शर्मा इतनी असरदार है कि कांग्रेस के शासनकाल में भी उसका बाल बांका नहीं हुआ। अभी भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मेरे खिलाफ जो मामला दर्ज हुआ है, उसके बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ही बता सकते हैं। किसके कहने पर और किसके इशारे पर मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने कहा- सीआई कविता शर्मा देर रात एक युवती मंजू शर्मा और ममता गुर्जर को जबरन उठाने गई थी। मुझसे गलती हो गई कि मैं उन्हें बचाने के लिए मौके पर चला गया। आगे से मैं मौके पर नहीं जाऊंगा, क्योंकि ऐसा करने पर मेरे खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया गया।



### मंजू शर्मा की दादी की मौत के लिए जिम्मेदार एसएचओ कविता शर्मा

किरोड़ीलाल ने कहाः सीआई कविता शर्मा मंजू शर्मा के घर में जबरन घुसी। उसके माता-पिता ने उन्हें मना भी किया। वह जबरन घुसकर मंजू शर्मा को उठा लाई। इससे उसकी दादी दहशत में आ गई। आज उसकी दादी की मौत हो गई है। मंजू शर्मा की दादी की मौत के लिए जिम्मेदार एसएचओ कविता शर्मा है। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। किरोड़ीलाल मीणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भाषण की क्लिप दिखाते हुए कहा- भारतीय नागरिक संहिता पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने एक सभा में कहा था कि कोई भी पुलिस अधिकारी किसी भी व्यक्ति को बिना लिखित में सूचना दिए हिरासत में नहीं ले सकता है। सरकार मेरी है तो क्या मैं अन्याय सहन कर लूंगा।

### प्रदेश अध्यक्ष से पूछ कर नाम का खुलासा करूंगा

मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा- कविता शर्मा को कौन-कौन से अधिकारी और नेता बचा रहे हैं। इसका खुलासा भी मैं जल्द करूंगा। उन्होंने कहा- मैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से पूछने के बाद आप लोगों को बताऊंगा कि सीआई कविता शर्मा को कौन-कौन से अधिकारी अब तक बचाते आए हैं। वहीं कौन-कौन से नेता इसमें शामिल हैं।

**मीडिया के सवालों पर भड़के किरोड़ीः** प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के सवालों पर भी किरोड़ी लाल मीणा भड़क गए। जब किरोड़ी से पूछा गया कि सरकार तो आपकी ही है। इस पर किरोड़ीलाल मीणा भड़क गए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार का अधिकारी सो जाए तो क्या मेरी जिम्मेदारी नहीं है।

### डीजीपी से कविता शर्मा पर FIR दर्ज करने की मांग

किरोड़ीलाल मीणा ने डीजीपी यूआर साहू के नाम एक लेटर भी लिखा। इसमें थानाधिकारी कविता शर्मा को तुरंत निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने, उसके इस कृत्य के लिए तत्काल एफआईआर दर्ज करने, एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले की जांच किसी उच्चाधिकारी से कराने और पुलिस विभाग में इस प्रकार के व्यवहार को रोकने के लिए कठोर दिशा-निर्देश लागू करने की मांग की गई है। किरोड़ी ने लिखा- यह मामला पुलिस विभाग के अनुशासन और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए अत्यंत गंभीर है।

## संसद में सिंघवी की सीट से 50 हजार कैश मिला

सभापति धनखड़ ने बताया तो खड़गे बोले- नाम लेना ठीक नहीं; भाजपा बोली- जांच हो

हमारा समाचार



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में 500 रुपए का बंडल (50 हजार रुपए) मिलने पर शुक्रवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से नोटों की गड्डी मिली थी। भाजपा ने जांच की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जांच से पहले किसी का नाम लेना ठीक नहीं है। धनखड़ ने कहा कि कल (गुरुवार) सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने हमें जानकारी दी कि सीट नंबर 222 से कैश मिला है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गई है। इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और यह हो भी रही है। धनखड़ के बयान पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं होती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं लिया जाना चाहिए। ऐसा चिल्लर काम करके ही देश को बदनाम किया जा रहा है।

# उत्साह के साथ हो एक वर्ष पूर्ण होने के उत्सव में सभी की भागीदारी

**सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होंगे अनेक कार्यक्रम, रोजगार उत्सव के साथ होंगे किसान सम्मेलन, अंत्योदय सेवा शिविर और महिला सम्मेलन, प्रदर्शनी में दिखेगा विकास का सफर, विकास पुस्तिका का होगा प्रकाशन, पंच गौरव का होगा शुभारंभ, रन फॉर विकसित राजस्थान के साथ-साथ होंगी पुरुषों एवं महिलाओं की मैराथन**

हमारा समाचार

**चूरू।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक साल पूर्ण होने पर जिले में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे और कहा कि सभी अधिकारी सक्रियता और उत्साह के साथ कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दिए गए दायित्वों का निष्ठा से पालन करें और व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यक्रमों को गरिमामय और बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को विभिन्न वर्गों की मैराथन एवं रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन सूचना केंद्र में जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा तथा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन होगा। इसी दिन नेचर पार्क में पंच गौरव कार्यक्रम का आरंभ होगा और प्रभारी मंत्री द्वारा पंच गौरव (फोग, ग्वारपाठा, लकड़ी के उत्पाद, एथलेटिक्स एवं सालासर) कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। 12 दिसंबर को ही रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। साथ ही डीओआईटी की ओर से किए जा रहे आइडियाथॉन का शुभारंभ होगा। जिला कलक्टर ने इसी क्रम में 17 दिसंबर तक होने वाले किसान सम्मेलन, महिला सम्मेलन, अंत्योदय सेवा शिविर व राज्य स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करें। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, एसीईओ दुर्गा ढाका, डीएफओ भवानी सिंह, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, सहायक निदेशक (रोजगार) वर्षा जानू, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम, महिला अधिकारिता के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, डीटीओ, एक्सईएन अनिल पूनियां, एक्सईएन बीएल सोनी, एनवाईसी समन्वयक मंगला राम जाखड़ आदि मौजूद थे।



## 12 दिसंबर को होगी महिला व पुरुषों की मैराथन

राजस्थान सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला एक खेल अंतर्गत 12 दिसंबर को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मैराथन तीन श्रेणियों में अलग-अलग आयोजित होगी। महिला वर्ग में प्रातः 7 बजे जिला स्टेडियम से कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए जिला स्टेडियम तक 5 किमी, पुरुष वर्ग में प्रातः 7.35 बजे जिला स्टेडियम से लाल घण्टा घर होते हुए जिला स्टेडियम तक 10 किमी एवं इस वर्ग में प्रातः 9 बजे जिला स्टेडियम से बीनासर से वापिस जिला स्टेडियम तक 21 किमी मैराथन दौड का आयोजन किया जाएगा। मैराथन में विजेता प्रथम, द्वितीय व तृतीय खिलाडियों को इनामी राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इच्छुक धावक इस दौड में भाग ले सकेंगे। इसी दिन रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया जाएगा।

## आईडियाथॉन के लिए 9 दिसंबर तक कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर जिले में 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक आईडियाथॉन का आयोजन किया जाएगा। संभागी आइडियाथॉन में ह्यकिसानों की उत्पादकता/आय को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है, ह्यनगर निकायों व ग्राम पंचायतों में दीर्घकालिक एवं एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन किस प्रकार सुनिश्चित किया जा सकता है। तथा ह्यजल के पुनर्भरण, पुनर्प्रयोग, पुनर्चक्रण को किस प्रकार सुनिश्चित एवं प्रोत्साहित किया जा सकता है। विषयों पर अपने विचार, सुझाव व्यक्त कर सकते हैं। भाग लेने वाले प्रतिभागियों हेतु 12 व 13 दिसम्बर को आईस्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में में कार्यशाला होगी। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 10000, 7000, 3000 रुपये पुरस्कार राशि दी जाएगी। रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु पर जाकर गूगल फॉर्म में चाही गयी जानकारियां भरते हुए पीपीटी फाइल अपलोड की जानी है। अधिक जानकारी हेतु सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक नरेश कुमार से मो. नं. 9649447474 पर संपर्क किया जा सकता है।

## चूरू री लाडली के जन्म पर अब प्रसूता को मिलेगा कलक्टर का बधाई संदेश



हमारा समाचार

**चूरू।** जिले के राजकीय संस्थाओं में बालिका के जन्म पर अब प्रसूताओं को जिला कलक्टर की ओर से बधाई संदेश दिया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की ओर से की गई पहल के तहत चूरू री लाडली के जन्म पर बधाई संदेश देकर बिटिया की अच्छी परवरिश करने तथा उसके सपनों को उड़ान देने का संदेश दिया जाएगा। इस सिलसिले में शुक्रवार को सुजानगढ़ के राजकीय सुजानमल बगड़िया उप जिला अस्पताल में डॉक्टर्स की टीम ने यह शुरूआत की और प्रसूता महिलाओं को जिला कलक्टर की ओर से बधाई संदेश दिया। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा यह नवाचार किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि बेटियों को लेकर समाज की सोच में बदलाव हो, बेटियां न केवल अपने सपने पूरे करें बल्कि परिवार का भी सहारा बनें। अब हर बालिका के जन्म पर यह बधाई संदेश दिया जाएगा। बधाई संदेश कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा संस्थान के अन्य कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित कर जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा। बधाई संदेश पर राज्य सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ तथा लाडली बिटिया के 1 वर्ष तक होने वाले समस्त टीकाकरण के बारे में भी बताया जाएगा।

## थ्रो-बॉल इंटरनेशनल प्रतियोगिता में ममता ने लहराया चूरू जिले का परचम



हमारा समाचार

**चूरू।** गत 03 दिसंबर से 6 दिसंबर तक हुये इंटरनेशनल गेम्स में थ्रो-बॉल में चूरू की होनहार छात्रा ममता रेगर पुत्री पप्पू राम रेगर ने टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त कर पूरे देश में चूरू जिले का परचम लहराया है और टूनार्मेंट में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतने में कामयाबी हासिल की है। गौरतलब है कि कंबोडिया में आयोजित थ्रो-बॉल इंटरनेशनल प्रतियोगिता में चूरू जिले की सरदारशहर तहसील के वार्ड 50 की निवासी ममता रेगर ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर रैगर समाज का नाम रोषन किया है। ममता की इस उपलब्धि पर रैगर समाज में खुषी की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ममता ने कोच सूरज गढ़वाल के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की। ममता की इस कामयाबी पर अखिल भारतीय रैगर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बाकोलिया, जिलाध्यक्ष हजारीमल बाकोलिया, जिला महासचिव गोगराज डीगवाल, उपाध्यक्ष भानीराम कनवाड़िया, तहसील अध्यक्ष विजेन्द्र कानखेड़िया व महासभा के अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए ममता को बधाइयां दी। ममता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और कॉच सूरज गढ़वाल को दिया है।

## राज्य स्तर पर सम्मान के लिए मांगे आवेदन

हमारा समाचार

**चूरू।** वर्ष 2024 में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को 25 जनवरी को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि दस श्रेणियों के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिनमें जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (स्वीप प्रभारी), मास्टर ट्रेनर्स, मीडिया संबंधी श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्मिक, आईटी संबंधी श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्मिक, सांख्यिकी संबंधी श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्मिक, निर्वाचन व्यय मॉनीटरिंग संबंधी श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्मिक, सेक्टर ऑफिसर या सेक्टर मजिस्ट्रेट अथवा अन्य कोई भी विषय जिसमें बेहतर कार्य किया गया हो, शामिल हैं। सभी आवेदन जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुशंषा के साथ प्रेषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन निर्धारित प्रारूप 1 व 2 में भरे जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों की ऑफिसियल वेबसाइट पर एक वेब पेज के रूप में यह आवेदन उपलब्ध है, जिनमें सभी सूचनाएं ऑनलाइन भरी जा सकेंगी। यह दोनों प्रारूप डाउनेबल फोरमेट में उपलब्ध करवाए जाने हैं, जिसे भरकर सीधे विभागीय ईमेल पर भेजा जा सकेगा।

## संकट के समय देश सेवा के लिए तैयार रहते हैं गृह रक्षा स्वयंसेवकः वंदना आर्य



हमारा समाचार

**चूरू।** 62 वें गृह रक्षा स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित 6 दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को झण्डारोहण के साथ समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वन्दना आर्य ने विभागीय ध्वजारोहण किया। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं विभागीय कार्मिकों को 62 वें स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गृह रक्षा विभाग के स्वयंसेवक संकट की घडी में हर समय देश सेवा के लिए तैयार रहते हैं। मुख्य आरक्षी पप्पू सिंह के नेतृत्व में गार्ड ने सलामी दी। कम्पनी कमाण्डर गिरधारीलाल ने मुख्यालय से प्राप्त संदेशों का पठन किया। प्लाटून कमाण्डर करणी सिंह ने बताया कि मुख्यालय के निदेर्शानुसार छह दिवस तक चले कार्यक्रम के प्रथम दिन एक दिसंबर को स्वच्छता अभियान के तहत जयपुर रोड से लेकर कार्यालय तक एवं कार्यालय परिसर में साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया गया। दूसरे दिन 2 दिसंबर को मैराथन दौड का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों एवं स्टॉफ ने भाग लिया। तीसरे दिन कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। चौथे दिन नशा मुक्ति जन चेतना रैली निकाली गई जो कार्यालय परिसर से रवाना होकर जिला कलेक्टर कार्यालय होती हुई लाल घंटाघर से कार्यालय पहुंचीं ।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करेगा मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर

हमारा समाचार

**जयपुर।** मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान में एकमात्र संस्थान है, जिसे स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2024 के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी के लिए नोडल केंद्र के रूप में चुना गया है। राज्य में आईआईटी, एनआईटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के मुकाबले मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर को चुनने के लिए हम शिक्षा मंत्रालय और एआईसीटीई का आभार व्यक्त करते हैं। यह बात प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की रजिस्ट्रार, डॉ. नीतू भटनागर ने कही। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय हार्डवेयर-आधारित हैकाथॉन में 156 प्रतिभागी भाग लेंगे, जिनमें 100 पुरुष और 56 महिला छात्र शामिल हैं, साथ ही भारत भर के विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों से 35 मेंटर्स भी शामिल होंगे। प्रतिभागी तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पुडुचेरी, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली जैसे




राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 दिसंबर 2024 को एसआईएच के प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए उन्हें भी संबोधित करेंगे। इस आयोजन के लिए सरकार द्वारा हमें 21.74 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। वहीं, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के मीडिया एडवाइजर, पुनीत शर्मा ने बताया कि एसआईएच 2024 का विषय विभिन्न मंत्रालयों और संगठनों द्वारा प्रदान की गई 68 हार्डवेयर 'प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स' के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस का निर्माण करने पर केंद्रित है। इनमें से, संचार मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की ओर से पांच महत्वपूर्ण 'प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स' पर काम करने के लिए 26 टीमों को चुना गया है। ये टीमें पांच दिवसीय फाइनल के दौरान प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस प्रतियोगिता में चयनित मुख्य 3 टीमों में: 'टेक नॉर्मीज', 'विद्याधार' और 'विद्युत' शामिल है। गौरतलब है कि मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर प्रतिभागियों, मेंटर्स, जज, एआईसीटीई सदस्यों और विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों का स्वागत करने के लिए विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ पूरी तरह तैयार है। यह आयोजन एक समृद्ध अनुभव होगा, जो उद्योग विशेषज्ञों, सरकारी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग को बढ़ावा देगा, साथ ही प्रतिभागियों को आज हमारे सामने आने वाली कुछ सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए सशक्त बनाएगा।

## कलेक्टर के आदेश पर राजलदेसर तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने सीएससी का किया औचक निरीक्षण

हमारा समाचार

**राजलदेसर।** राजलदेसर में जिला कलेक्टर के आदेशानुसार शुक्रवार को सुबह करीब 10 तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती रोगी वार्ड,



लैब, ओपीडी वार्ड, दवा वितरण केंद्र सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए अस्पताल में अचानक पहुंचने पर चिकित्सालय में अफरा तफरी मच गई। उन्होंने वहां वार्ड में भर्ती मरीजों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण करने पर साफ सफाई एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा गया। तहसीलदार ने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं दी जा रही सुविधाओं को जनता मरीजों को लाभ दिया जाए चिकित्सक अपने अपने कमरों में व काम करते हुए मिले। तहसीलदार ने साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। तहसीलदार ने कहा हॉस्पिटल की भवन जर्जर अवस्था में है व नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सा स्टाफ की काफी कमी है वहीं मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी है इसके कारण मरीजों को काफी परेशानी हो रही है इसको लेकर मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार हेतु निवेदन किया जायेगा व्यवस्था में सुधारों इसके लिए प्रयास किए जाएंगे` उनके साथ नायब तहसीलदार पूजा पारीक भी मौजूद रही ।

## जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल संस्कृति, शिक्षा और रचनात्मकता के उत्सव के साथ संपन्न

हमारा समाचार

**जयपुर।** सिटी पैलेस में चल रहे जयपुर इतिहास फेस्टिवल का उत्साह के साथ समापन हुआ। फेस्टिवल के चौथे और अंतिम दिन शुक्रवार को 40 स्कूलों के 3400 छात्रों ने हिस्सा लिया। दिन की शुरूआत धाराव हाई और महावीर पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा भावपूर्ण भजन प्रस्तुति से हुई, जिनमें "इतनी शक्ति हमें देना दाता, तेरी है जमीन, राम आएंगे, और हरे राम, हरे कृष्णा जैसे प्रसिद्ध भजन शामिल थे, जिससे एक दिव्य वातावरण बन गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल ने वित्तीय साक्षरता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला एक राजस्थानी गीत, स्वयां साध रो जग बधावा, अपना सोया भाग



जगावा प्रस्तुत किया। धाराव हाई स्कूल ने प्रेमचंद की बूढ़ी काकी का अभिनय किया और एक सुंदर कथक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि सनबीम स्कूल (वाराणसी) ने निर्मला और सवासेर गेहु शीर्षक से एक नाटक प्रस्तुत किया। वित्तीय साक्षरता पर प्रस्तुतियों में



सनबीम लहरतारा और जम्मू संस्कृति स्कूल द्वारा नाटक प्रस्तुत किए गए, साथ ही सुबोध रामबाग स्कूल द्वारा उद्यमिता पर जीवंत नाटक भी प्रस्तुत किया गया। आईआईएस स्कूल ने शास्त्रीय शिव तांडव प्रस्तुत किया, जबकि एमजीआईएस जयपुर ने आवश्यकता बनाम इच्छा पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। जेएचएफ के आखिरी दिन मुंशी प्रेमचंद की कफन और निर्मला की 3 अलग-अलग प्रस्तुतियां हुई। दिलचस्प बात यह है कि सभी अलग-अलग स्कूलों ने कहानी को एक नए, अनोखे अंदाज में पेश किया। कफन की कहानी में महिला के मरने और स्वर्ग जाने के बाद एक एकालाप दिखाया गया।व्यावहारिक अनुभव को जोड़ते हुए, एमजीआईएस जयपुर ने एक मिट्टी के बर्तन बनाने का चाक स्थापित किया, जहां छात्रों ने स्मृति चिन्ह के रूप में मिट्टी के बर्तन बनाए।

## एसपी यादव ने 300 सड़क सुरक्षा अग्रदूतों को सुरक्षित भारत के लिये दिलायी शपथ

हमारा समाचार

**चूरू।** राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी, आवास फाइनेंशियल, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, जिला पुलिस व राजकीय लोहिया कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को लोहिया कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आवास युथ सड़क सुरक्षा, शिक्षा व जागरूकता अभियान के अन्तर्गत चयनित 300 सड़क सुरक्षा अग्रदूतों को प्रशिक्षण देकर विशेष सड़क सुरक्षा संदेश लिखे आई एस. आई. मार्का के हेलमेट वितरित कर शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जय यादव ने अग्रदूतों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाने से पूर्व सभी को दुपहिया वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं, गति सीमा के उल्लघंन आदि के कारण आये दिने हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम में युवा सड़क सुरक्षा अग्रदूतों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र-



छात्राएं 2047 तक सड़क हादसों रहित राष्ट्र निर्माण में अपनी महति भूमिका निभा सकते हैं। यादव ने आवास फाइनेंशियल लि. व राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी के इस सड़क सुरक्षा अग्रदूत एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसमें युवाओं को लक्ष्य बनाकर अग्रदूत बनाने की अपील की। राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी के अनुदेशक भरत राज गुर्जर ने इस अभियान के बारे में बताया कि सोसायटी अब तक 10 लाख लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर चुकी है तथा 90 हजार से अधिक सड़क सुरक्षा अग्रदूत बनाकर उन्हें हेलमेट वितरित किया है। गौरतलब है कि आवास फाइनेंशियल के आर्थिक सौजन्य से पहले 18 हजार अग्रदूत बनाये गये। इस वर्ष 8 हजार अग्रदूत बनाकर उन्हें हेलमेट वितरित किये जा रहे हैं। आवास फाइनेंशियल लि. के सीएसआर हेड सत्यजीत तिवाडी ने आवास की ओर से किये जा रहे सीएसआर कार्य के बारे में जानकारी दी और कहा कि सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिये सड़क सुरक्षा अग्रदूत बनाने का कार्य करें, ताकि सड़क पर असमय होने वाली मौतों को रोका जा सके। एआरटीओ डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ सीकर व नोडल अधिकारी सड़क सुरक्षा ने सड़क सुरक्षा चक्र के बारे में जानकारी देते हुए वाहनों के नियंत्रक एवं सुरक्षा उपकरण, गति सीमा, लेन ड्राईविंग, सड़क की भाषा, सिग्नल, सड़क पर क्या करें और क्या न करें, क्या-क्या सावधानियां रखें, इसके रोड़ साइन एवं मार्किंग के साथ चालक के कर्तव्य एवं अधिकार, सेमेटिरन के अधिकार, मोटर ड्राइविंग रेगुलेशन व अपराधों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. मंजू शर्मा ने की। उन्होने कॉलेज के सड़क सुरक्षा अग्रदूत चुनने पर परिवहन एवं पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुये विश्वास दिलाया कि कॉलेज टीम अब सड़क सुरक्षा पर कार्य करेगी तथा देश में सड़क सुरक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना पर प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपाल सिंह शेखावत, यातायात पुलिस प्रभारी डॉ. पूजा प्रजापत, डॉ. जयप्रकाश, एनसीसी प्रभारी डॉ. हेमन्त मंगल, बी.एल. मेहरा, आवास फाइनेंशियल लि. सीएसआर सब हेड अमित व्यास, स्टेट हेड मुकेश कुमार, फूलचन्द चौधरी, जुनैद खान, परिवहन विभाग के परिवहन निरीक्षक के. एल. यादव, उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, सहायक लेखाधिकारी सत्यपाल सिंह व राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी के भूपेन्द्र सिंह रावत आदि उपस्थित थे। राजस्थान सड़क सुरक्षा सोसायटी के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर विक्रम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुरेन्द्र कुमार सोनी ने किया।

## महेश दर्पण स्मारिका के सफल प्रकाशन के लिए समिति सदस्यों ने भगवान गजानंद को किया प्रथम प्रपत्र भेंट



हमारा समाचार

**नरैना।** प्रत्येक सत्र में जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति द्वारा प्रकाशित होने वाली स्मारिका पत्रिका महेश दर्पण का आगाज जिला सभा के प्रमुख पदाधिकारियों सुरेंद्र बजाज (अध्यक्ष),गोविंद परवाल(मंत्री), नवल किशोर झंवर (निवर्तमान अध्यक्ष), सत्यनारायण मोदानी (उपाध्यक्ष), कन्हैयालाल छापरवाल (उपाध्यक्ष), राधेश्याम काबरा (अर्थ मंत्री) राजेंद्र गट्टानी (संगठन मंत्री) के साथ महेश दर्पण प्रकाशन के स्तम्भकार सहयोगी शिवरतन मोहता (प्रधान संपादक), रमेश कुमार भैय्या (प्रबंध संपादक), गोपाल राठी (समन्वयक विज्ञापन समिति), द्वारका प्रसाद तापड़िया (सहसंपादक) की संयुक्त टीम द्वारा मोती डूंगरी गणेशजी को प्रथम प्रपत्र सविनय आराधना के साथ अर्पित कर, सभी ने उनसे निर्विघ्नं,शीघ्रातिशीघ्र महेश दर्पण-2025 स्मारिका पत्रिका का कार्य संपूर्णता की कामना की।

## युवा महोत्सव में नवीन मौर्य ने मारी बाजी



हमारा समाचार

**रेनवाल मांजी।** कस्बे में स्थित शक्ति विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने युवा महोत्सव में मारी बाजी ।विद्यालय के अध्यापक जीतराम चौधरी ने बताया कि युवा महोत्सव ब्लॉक स्तर पर आयोजित में कक्षा 12 का छात्र नवीन मौर्य ने कहानी लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।साथ ही विज्ञान प्रोजेक्ट में विद्यालय के छात्र मोहम्मद अयान व मयंक जोरावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर छात्रों को विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रामावतार बैरवा के सानिध्य में माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नवीन मौर्य का हुआ जिला स्तर पर चयन हुआ ।इस अवसर पर गणेश सिंह,विष्णु शर्मा,दिनेश रमन, दिनेश सिंह,मनोहर बैरवा,मुकेश चौधरी, कल्पना शर्मा, पूनम शर्मा, नीलम पाल,नीतू बैरवा के साथ अध्यापक,अध्यापिकाएं व छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## होमगार्डों ने सांभर देवयानी तीर्थ सरोवर पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की



हमारा समाचार


**सांभरलेक।** सांभर संवाददाता श्यामलाल शर्मा के अनुसार। स्वच्छ भारत अभियान को लेकर देवयानी तीर्थ स्थल सरोवर पर गुरुवार को होमगार्ड के द्वारा अभियान चला कर सफाई की गई। गृह रक्षा के उपकेंद्र फुलेरा के जवानों की ओर से सरोवर पर स्वच्छ भारत मिशन अभियान को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया जवानों ने देवयानी तीर्थ सरोवर पर स्थित घाटो ,परिक्रमा मार्ग पर श्रमदान कर सफाई की गई। होमगार्ड ने बताया कि हम सभी का कर्तव्य है कि स्वच्छता को लेकर जागरूक रहे देवयानी सरोवर पर लगे गंदगी के अंबार को देखकर जवानों ने भी आमजन से सरोवर की स्वच्छता बनाए रखने और सरोवर पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई करने की अपील की इस दौरान गृह रक्षा उप केंद्र फुलेरा के जवान उपस्थित रहे।

## आटा मिल फैक्ट्री में आग लगने से हुआ नुकसान

हमारा समाचार

**बगरू।** कस्बे के रीको रोड़ पर स्थित एक आटा मील में आग लगने से काफी नुकसान हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस तथा अग्निशमन वाहनों द्वारा काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। पीड़ित सुनीता कुमावत ने थाने में उपस्थित होकर दर्ज कराया कि रीको रोड़ बगरू होटल के पास मेरी श्याम इंडस्ट्रीज के नाम से आटा मील है जिसमें गुरुवार शाम को अचानक आग लग गई। हमारे द्वारा सूचना करने पर मौके पर पहुंची पुलिस तथा अग्निशमन वाहनों द्वारा काफी मशक्कत करने पर आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने तक आग में आटा के कट्टे, बारनाल, आटा फ्लोर की मशीनरी आदि जलने से काफी नुकसान हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है कार्यवाही जारी है।

## संगठन पर्व के आयोजन में बूथ अध्यक्षों का मनोनयन किया



हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** भारतीय जनता पार्टी के भारनी मूंडरू मंडल के द्वारा संगठन पर्व की बैठक का आयोजन भारनी में किया गया। मंडल अध्यक्ष प्रभुदयाल कुडी ने बताया कि इस अवसर पर संगठन पर्व प्रभारी जिला महामंत्री संजय सैनी ने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के बूथ एव शक्ति केन्द्रों की मजबूती पर बल दिया। वहीं उपस्थित कार्यकताओं में से बूथ संख्या 166, 167,168, 169,170 व 171 के बूथ अध्यक्षों का मनोनयन सर्व सम्मति से किया गया । इस मौके पर वैध नाथूलाल शर्मा ,महावीर सितमका,चिरंजी लाल सैनी,मोहन लाल जोशी,दिनेश वर्मा, मांगीलाल सैनी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रदेश के 10 बस अड्डे बनेंगे अत्याधुनिक, पहले चरण में आठ बस अड्डों के निर्माण को मंजूरी

हमारा समाचार

**सांभरलेक।** राजस्थान सरकार प्रदेश के 10 प्रमुख बस अड्डों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की योजना पर कार्य कर रही है। इस सूची में अजमेर, भरतपुर, दूदू, उदयपुर, ब्यावर, बूंदी, बीकानेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और कोटा के बस अड्डे शामिल हैं। इस परियोजना का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक परिवहन सेवाएँ प्रदान करना है। पहले चरण में आठ बस अड्डों के निर्माण को मंजूरीः राजस्थान रोडवेज ने बजट घोषणा 2024-25 के तहत पहले चरण में आठ बस अड्डों के निर्माण कार्य की योजना तैयार की है। इसके तहत इन बस अड्डों का आधुनिकीकरण और विकास किया जाएगा। अत्याधुनिक सुविधाएँः योजना के अनुसार, इन बस अड्डों पर यात्रियों के लिए निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगीः डिजिटल डिस्प्ले बोर्डः समय-सारिणी और अन्य जानकारी



के लिए, वेटिंग हॉल वातानुकूलित और आरामदायक, स्वच्छ शौचालय और पेयजल सुविधा,इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट,डिजिटल टिकटिंग और कैशलेस भुगतान विकल्प,रेस्तरां और कैफेटेरिया,व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और पार्किंगसुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रियों की सुविधा प्राथमिकताःपरिवहन विभाग ने यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। इन बस अड्डों के आधुनिकीकरण से न केवल परिवहन सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**विकास के लिए रोडमैपः** पहले चरण मेंःअजमेर, उदयपुर, बीकानेर, भीलवाड़ा, और कोटा जैसे प्रमुख बस अड्डों पर निर्माण कार्य शुरू होगा। दूसरे चरण मेंः दूदू, बूंदी, चित्तौड़गढ़ और अन्य स्थानों को शामिल किया जाएगा। परियोजना का बजटः योजना के लिए सरकार ने एक बड़ा हिस्सा परिवहन बजट से आवंटित किया।

## भारत रत्न डां. अम्बेडकर साहब को पुण्यतिथि पर किया शत-शत नमन

हमारा समाचार

**सांभर लेक।** डॉ.अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस भी कहा जाता हैं। उनका निधन 6 दिसम्बर 1956 को दिल्ली मे हुआ । भीमराव रामजी अंबेडकर को बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से भी जाना जाता हैं ।अंम्बेडकर साहब का दृष्टिकोण, उनकी विचारधारा मानववादी रही हैं । उनका उद्देश्य शोषित, पीडीत एवं दलित समाज का विकास करना एवं उन्हें उनके मानव अधिकारों से सजग कराना एवं मानवीय अधिकार दिलाना था। उनके चिन्तन में स्वतंत्रता, समानता ,बंधुता व न्याय के दर्शन होते हैं ।वो एक समाज सुधारक और भारतीय संविधान के प्रमुख निमार्ता थे. प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने दुनिया के सबसे लंबे लिखित संविधान को सावधानीपूर्वक तैयार करने के लिए संविधान सभा का नेतृत्व किया था। अंम्बेडकर साहब ने महिलाओं के लिए भी बहुत कुछ किया है। (महिला सशक्तिकरण के लिए) अंबेडकर साहब एक महान समाज सुधारक थे उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, समानता और स्वतंत्रता के अधिकार के लिए लडाई लडी ,उन्होंने महिलाओं के लिए शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए काम किया जिससे महिला आत्मनिर्भर रहे । अंबेडकर साहब के प्रयासो के प्रयासों के कारण भारत में महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ है । आज ,भारतीय महिलाएं शिक्षा, समानता और स्वतंत्रता के अधिकारों का आनंद ले रही हैं । 15 अगस्त 1947 को भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद, कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार अस्तित्व में तो उसने अंम्बेडकर साहब को देश का पहला कानून एवं न्याय मंत्री के रूप में सेवा करने के लिए आमंत्रित किया , जिसे उन्हें स्वीकार कर लिया था। भारत की महान हस्ती की पुण्यतिथि तिथि पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुंक्त महासंघ लोकतांत्रिक कि और शत शत नमन करते हैं।

पावटा उप जिला अस्पताल प्रकरण

## एसडीएम कार्यालय के सामने धरना पांचवें दिन भी जारी रहा

हमारा समाचार

**पावटा।** उपजिला अस्पताल पावटा को अन्यत्र जगह शिफ्ट करने के विरोध में शुक्रवार को पांचवे दिन भी एसडीएम कार्यालय पर धरना निरंतर जारी रहा। धरने के पांचवे दिन की अध्यक्षता गिरधारी यादव ने की। धरने पर विरोध जताते हुए ग्रामीणों ने नारेबाजी की। इस दौरान धरना संयोजक ओपी बायला ने कहा की यह सताईसा क्षेत्र की जीवनरेखा है। इसको हम अन्यत्र नहीं जाने देंगें। इसके लिए हम लगातार आवाज उठा रहे है। सरकार से हमारी मांग है कि उपजिला अस्पताल को यथावत ही रखा जाए। इस दौरान सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहरसिंह धनकड़, समाजसेवी गणेश सैनी, पंडित सुरेश शर्मा, राजीव डहरवाल, प्रकाश सिंह, समाजसेवी सुरेश जांगिड़, कृष्णा देवी, करतार सिंह, महावीर चावला, धूनी देवी, बद्री सैनी, जगदीश सैनी, विक्रम गढ़वाल, सविता देवी, माली देवी, धोली देवी, अर्जुन यादव, गिरधारी यादव, श्योनाथ सैनी, विष्णु इंदौरिया, गंगा देवी, शहीदा बानो, कमला देवी, विष्णु इंदौरिया, शिवचंद जाट, भीमसिंह गढ़वाल, अजय धानका, रमेश यादव सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।




## राजस्थान की इस दरगाह में है एक हजार साल पुराना इमली का पेड़, मन्नत का धागा बांधें, पूरी होगी मुराद!

हमारा समाचार

**सांभर लेक।** युवा जाकिर कुरैशी के अनुसार सांभर में स्थित आशताना शरीफ दरगाह में एक इमली का पेड़ है. जिसका इतिहास बहुत पुराना है. इस पेड़ यहां आने वाले जायरीनों की आस्था जुड़ी हुई है. माना जाता है कि इस पेड़ पर धागा बंधने पर सारी मन्नतें पूरी होती हैं. मस्जिद में नमाज पढ़ने आए लोगों ने बताया कि यह इमली का पेड़ एक हजार साल पुराना है।

### मन्नत का धागा और पेड़ की स्थिति

आपको बता दें कि यहां बड़ी संख्या में जायरीन आते हैं और मन्नत का धागा बांधते हैं. पेड़ का मुख्य तना पूरी तरह से सूख चुका है, लेकिन ऊपरी हिस्से की शाखाएं अभी भी हरी हैं, जिन पर पत्तियां निकल रही हैं. पूर्व सदर नदीम बताते हैं कि दरगाह परिसर में स्थित यह खास पेड़ एक हजार साल पुराना है, जो आज भी सही-सलामत है।

### मान्यताएं और धार्मिक महत्व

पेड़ को लेकर खास मान्यता यह है कि यहां जो भी मन्नत का धागा बांधता है, उसकी मन्नत पूरी होती है. इसलिए यहां दूर-दराज से जायरीन आकर मन्नत का धागा बांधते हैं. लोकल 18 से बात करते हुए खादिम बताते हैं कि दरगाह के अस्तित्व के साथ ही यहां पर इमली का पेड़ भी मौजूद था. इस पेड़ को काटा नहीं जाता और न ही इसकी लकड़ियों को जलाया जाता है. यह पेड़ बहुत खास है, जो दरगाह के परिसर में बीचों-बीच खड़ा है, जहां हजारों जायरीन मन्नत का धागा बांधते हैं।

### धागा बांधने की प्रक्रिया

खादिम बताते हैं कि यह पेड़ दरगाह शरीफ में स्थित है, इसलिए इसे हजरत साहब का पेड़ माना जाता है. यह एक हजार साल पुराना है. यहां मन्नत का धागा इसलिए बांधा जाता है ताकि उनकी अरदास पाक हजरत मखदूम शाह सुनें और उनकी दुआ कबूल करें।

## मणिपाल यूनिवर्सिटी ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल टूनार्मेंट में जीत हासिल की

हमारा समाचार

**जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के बास्केटबॉल टीम ने AIU 2024-25 ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल (पुरुष) टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। यह जीत विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और टीमवर्क का परिणाम है, जो उन्होंने इस टूनार्मेंट के दौरान दिखाया। इस टूनार्मेंट में देशभर से 16 टीमें भाग ले रही थीं, और MUJ के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल भावना और कठिन संघर्ष से टूनार्मेंट को जीतने में सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि ने मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर को खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान और प्रतिष्ठा और मजबूत की है। मणिपाल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रोफेसर एन.एन. शर्मा और प्रो-प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) करुणाकर कोटेगर ने इस शानदार सफलता के लिए टीम को बधाई दी। रजिस्ट्रार डॉ. नीतू भटनागर ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## ढाणी बोराज में नहीं जाती रोडवेज बसें, ग्रामीणों को रही परेशानी

हमारा समाचार

**बोराज।** जयपुर जिले की जोबनेर पंचायत समिति के गांव ढाणी बोराज के ग्रामीण आजादी के 75 साल बाद भी आवागमन के साधनो के लिए तरस रहे हैं। गांव में ना तो सरकारी रोडवेज बसें चलती हैं और ना ही कोई प्राइवेट बसें। ग्रामीण आवागमन के साधनो के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों को गांव से बाहर आना,जाना हो तो करीब दो किलोमीटर दूर आसलपुर मोड़ तक पैदल ही चलना पड़ता है ।पैदल चलकर भी कोई गारंटी नहीं की आसलपुर मोड़ पर भी कोई सरकारी रोडवेज बस मिल जाए। राजस्थान के साथ ही पूरा भारत देश आज आजादी के 75 साल होने पर जश्न मना रहा है लेकिन ढाणी बोराज गांव मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं। विडम्बना देखिए कि रोडवेज की कई बसें चोमू मंहला फलोदी से होकर गुजरती है। इस मेगा हाइवे से करीब डेढ़ दो किलोमीटर की दूरी पर ही ढाणी बोराज गांव स्थित है। रोडवेज की बसें सीधे ही मेगा हाइवे से गुजरने के बजाय ढाणी बोराज गांव से होकर भी गुजर सकती है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव में आवागमन के साधन नहीं होने से ग्रामीणों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बुजुर्ग, महिलाओं, दिव्यांगजनो को पैदल चलकर आसलपुर मोड़ से बस पकड़ने में परेशानी उठानी पड़ती है ।मजबूरन ग्रामीणों को निजी वाहन किराए पर लेने पड रहें हैं। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन को अवगत कराया मगर आज तक किसी भी सरकार ने ढाणी बोराज में रोडवेज बसें चलाना जरूरी नहीं समझा।। ग्रामीणों ने बताया कि राजनेता भी पांच साल में एक बार वोट मांगने आते हैं। उसके बाद आवागमन के साधन चलाने की बात भूल जाते हैं। हजारों की संख्या में ग्रामीण रोजगार की तलाश में गांव से बाहर आते जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में शीघ्र ही रोडवेज बसें चलाने की मांग की है।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का 68वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**सांभरलेक।** कस्बे के अंबेडकर भवन में डॉ.भीमराव अंबेडकर चेतना समिति, सांभर लेक द्वारा बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर का 68 वां महा परिनिर्वाण दिवस शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष विनोद दुलारिया ने की । कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण कर सभी सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य वक्ता भंते शीलसागर एवं उप प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मीणा द्वारा बाबा साहब के सिद्धांतों व आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलवाया। समिति अध्यक्ष विनोद दुलारिया द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार किया एवं बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नाथूलाल बेरवाल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर सांभरिया, व्याख्याता महेंद्र कुमार दायमा ,हेमराज मीणा, परशुराम मीणा, सुरेंद्र सिंह मीणा, काशीराम नायक, गोपाल लाल नोगिया, भंवरलाल इंदोलिया, ताराचंद तंवर, रवि शंकर सांभरिया, नानकराम गेहनोलिया, राजेंद्र प्रसाद अटल, कुशाल सकरवाल, मदनलाल चौहान, प्रताप चंद बंसीवाल, मोहनलाल गर्वा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



## रेलवे संगठनों की मान्यता चुनाव में अंतिम दिन बुथ नं.10 पर 1002 ने कुल मत डाले

हमारा समाचार


**फुलेरा।** रेलवे में कर्मचारी संगठनों को मान्यता प्रदान करने हेतु अंतिम दिन 6 दिसंबर को फुलेरा रेलवे स्टेशन बूथ नंबर 10 पर 1002 रेलवे कर्मचारियों ने शांति पूर्ण मतदान किया। रेलवे स्टेशन प्राप्त जानकारी अनुसार1073 मतदाताओं में से 1002 ने मतदान किया,जो 93.38% रहा। जबकि रेलवे के बूथ नं. 11 पर 4 व 5 दिसंबर 24 को कुल 615 मतदाताओं में से 569 ने मतदान किया जिसका 92.52% मतदान रहा। गौरतलाप है कि रेलवे संगठनों को मान्यता प्राप्त चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए, इसके लिए एन डब्ल्यू आर आई यू के नरेंद्र चाहर,एस. के. माथुर, यू पी आर एम एस के मनीषशर्मा, सुनील यादव, एस आर बी के यू के.सीपी मानोता तथा उ.प. रे .क.स.के नरेंद्र कुमार मित्तल व गिर्राज प्रसाद मीणा ने सभी मतदाताओं कर्मचारियों को शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया है वही सभी संगठनों एवं रेल कर्मचारी मतदाताओं ने रेलवे इंस्टिट्यूट पोलिंग पार्टी सदस्यों एवं चुनाव अधिकारी आर एम वार्ष्णेय की व्यवहार कुशलता की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## अब जनता जनार्दन के बीच होगा उप जिला अस्पताल का फैसला

हमारा समाचार

**पावटा।** उप जिला अस्पताल के स्थान को लेकर पिछले कुछ दिनों से सियासी हलकों में खासा गर्मागर्म माहौल बना हुआ है। वर्तमान और पूर्व विधायक के बीच सोशल मीडिया पर जमकर वाक युद्ध छिड़ा हुआ है, दोनों ही ने एक दूसरे पर झूठ बोलना,तांत्रिक विद्या का प्रयोग करना,लोगों को बहकाना जैसे अनेकों आरोप लगाए और अब इस विवाद का समाधान निकालने के लिए विधायक कुलदीप धनखड़ द्वारा एक आम सभा आयोजित की जा रही है ।पावटा क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों सहित सभी लोगों को इस बैठक के बारे में सोशल मीडिया द्वारा सूचित किया गया है। विधायक धनखड़ ने बताया 08 दिसंबर को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति पावटा के सभागार में इस पर विशेष आमसभा का आयोजन होगा । इस बैठक में पावटा क्षेत्र की आम जनता से अस्पताल के स्थान को लेकर राय ली जाएगी, और जनता की सहमति के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। विधायक कुलदीप धनकड़ का कहना है कि यह बैठक पूरी तरह से पारदर्शी होगी, ताकि जनता की आवाज सही तरीके से सुनी जा सके और अस्पताल का स्थान उनकी प्राथमिकताओं और जरूरतों के अनुरूप तय हो सके। जनता की राय के बाद ही फैसला लिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों के विश्वास को और मजबूत किया जा सकेगा।

### विधायक कुलदीप धनखड़ लगाएंगे गलतफहमी पर विराम




### कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति बस्सी जयपुर(राज.)

फोन :01429—226283 ई— मेल kums.bassi@rajasthan.gov.in

क्रमांक—1140—48 दिनांक—04.12.2024

**ई–बोली आमंत्रण सूचना संख्या/2024–25**

**NIB – DAM 2425A0511**

कृषि उपज मण्डी समिति बस्सी द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीकृत संवेदकों / सहकारी संस्थाओं / स्वयंसेवी संस्थाओं / भूतपूर्व सैनिक सहकारी संस्थाओं से ठेका पद्धति पर दो वर्ष के अनुबन्ध के आधार पर शर्तरहित ऑनलाईन (ई–प्रोक्योरमेंट) बोली आमंत्रित की जाती है। इच्छुक (निविदादाता) बोली प्रपत्र इन्टरनेट साईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर से डाउनलोड कर सकते हैं। निम्न बोलियां इन्टरनेट के माध्यम से ही https://eproc.rajasthan.gov.in साइट पर अपलोड कर प्रस्तुत करनी होगी। निविदायें स्वीकार व अस्वीकार करने में उपापन कमेटी का निर्णय ही अंतिम व मान्य होगा। बोली प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि के दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की अन्तिम तिथि 24.12.2024 दोपहर 12:00 बजे तक एवं ऑनलाईन वित्तीय बिड तकनीकी बिड अनुमोदन के पश्चात खोली जावेगी।

| क्र. सं. | विवरण | कार्य की अनुमानित राशि | बोली (निविदा) प्रतिभूति राशि | बोली (निविदा) प्रपत्र राशि | RISL का प्रक्रिया शुल्क जो MDRISL जयपुर के नाम देय होगा | ई–बोली (निविदा) डाउनलोड की जाने की तिथि व समय | ई–बोली (निविदा) अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | ई–बोली (तकनीकी निविदा) खोले जाने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चौकीदारी व्यवस्था ठेका | 45.00 लाख | 90,000/– | 1000/– | 1000/– | 06.12.2024 प्रातः 10:00 बजे से 23.12.2024 सायं 6:00 बजे तक | 24.12.2024 दोपहर 12.00 बजे तक | 24.12.2024 दोपहर 12:30 बजे तक |
| 2 | कम्प्यूटर ऑपरेटर ठेका | 28.00 लाख | 56,000/– | 1000/– | 1000/– | | | |
| 3 | सफाई व्यवस्था ठेका | 28.00 लाख | 56,000/– | 1000/– | 1000/– | | | |
| 4 | जल व्यवस्था ठेका | 15.00 लाख | 30,000/– | 500/– | 500/– | | | |
| 5 | विद्युत व्यवस्था ठेका(इलेक्ट्रिशियन) | 5.00 लाख | 10,000/– | 500/– | 500/– | | | |
| 6 | बागवानी व्यवस्था ठेका | 5.00 लाख | 10,000/– | 500/– | 500/– | | | |

प्रशासक
कृषि उपज मण्डी समिति
बस्सी (जयपुर)

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
बस्सी (जयपुर)

राज.संवाद/सी/24/8777

# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?



डॉ. रमेश ठाकुर

**अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं।**

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।



दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।

दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।

किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें जमीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवजा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे।


प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे। हांलाकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाईं। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा।

किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो? किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है? वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं? फिर किसान क्यों नहीं आ सकते? प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, 'आग में घी डालने' का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो? पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है।

## संपादकीय

## ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की बेचैनी

डोनाल्ड़ ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी, 2025 को शपथ लेंगे लेकिन उन्होंने अभी से अपनी नीतियों और कार्यक्रमों पर अमल करना शुरू कर दिया है। ट्रंप ने अपने मंत्रिमंड़ल में ऐसे लोगों का चयन किया है जो घरेलू एवं विदेश मोर्चे पर उनकी नीतियों से सहमत हैं। अमेरिका की घरेलू आर्थिक नीतियों का दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ता है। वह अपने चुनाव सभाओं में कहा करते थे कि वह अमेरिकी हितों की रक्षा के लिएटैरिफ का इस्तेमाल करेंगे। ट्रंप ने कनाड़ा और मैक्सिको जैसे देशों से आने वाले सामानों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा करके इन देशों की बेचैनी बढ़ा दी है। आर्थिक नीतियों का इस्तेमाल राजनीतिक और



रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिएभी किया जाता है। यदि इन देशों से आने वाले सामानों पर आयात शुल्क बढ़ाते हैं तो यह इनके खिलाफ एक रणनीतिक कदम माना जाएगा। ट्रंप यहीं पर नहीं रुके, बल्कि अपनी संरक्षणवादी नीतियों को विस्तार देते हुए ब्रिक्स देशों को भी चेतावनी दी है कि वे ड़ॉलर का इस्तेमाल बंद कर-के नई करंसी लॉन्च करते हैं तो ब्रिक्स देशों पर 100 फीसद टैरिफ लगाया जाएगा। ब्रिक्स की अफ्रीका में संपन्न शिखर वार्ता में ब्राजीली राष्ट्रपति लूला ड़िसिल्वा ने ब्रिक्स करंसी का सुझाव दिया था। ब्रिक्स करंसी के जरिए विश्व व्यवस्था पर वर्चस्व कायम करने वाले अमेरिकी ड़ॉलर का दबदबा खत्म हो सकता है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के घटते प्रभाव के कारण विभिन्न महाद्वीपों के अनेक देश ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं। जाहिर है कि ब्रिक्स अमेरिका के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। ब्रिक्स की संभावित करंसी को लेकर ट्रंप की बेचैनी समझी जा सकती है। ट्रंप इस खतरे को अच्छी तरह समझ रहे हैं। हालांकि दुनिया में नई करंसी का प्रचलन बहुत जटिल और दुरुह प्रक्रिया है। इसी बात को ध्यान में रखकर ब्रिक्स देशों ने तय किया है कि फिलहाल नई करंसी के स्थान पर विभिन्न देशों की राष्ट्रीय करंसी में आपसी व्यापार किया जाए। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि यदि अमेरिका आपात शुल्क में बढ़ोत्तरी करता है तो उसके सहयोगी यूरोपीय देशों पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। बड़ा सवाल है कि क्या ट्रंप अपने सहयोगी देशों को नाराज करके आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा को लागू कर पाएंगे। उनका पहला कार्यकाल विवादों से भरा हुआ था। क्या ड़ोनाल्ड़ ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भी उनकी तुनकमिजाजी के लिए याद किया जाएगा।

### चिंतन-मनन

## मन को जगाएं

दूसरा महायुद्ध चल रहा था। भीषण बमवर्षा हो रही थी। पूरा लंदन नगर संत्रस्त था। सारे नगर में भय का साम्राज्य छाया हुआ था। पर उसी नगर में एक बूढ़ी महिला निश्चिंत रूप से सोती और निश्चिंत जागती। आस-पास के लोगों की नींद पूरी तरह गायब हो चुकी थी। वे न सुख से सो पाते और न सुख से जाग पाते। दूसरे सभी जागते, किन्तु बुढिया निश्चिंत सोती, गहरी नींद लेती। लोगों ने बुढिया से पूछा, मां! क्या बात है? सारा नगर भय से आप्रान्त है। यहां कोई भी सुख की नींद नहीं सो सकता। तुम कैसे सुखपूर्वक सो जाती हो? इसका रहस्य क्या है? बुढिया ने कहा, बेटा! इसका रहस्य यही है कि मेरा प्रभु सदा जागता है। फिर मैं क्यों जागती रहूं? दो को जागने की जरूरत नहीं है। यह सच है। जब मन जाग जाता है, फिर कोई जागे या न जागे, कोई जरूरत नहीं है। किसी को जगाने की भी जरूरत नहीं है। वास्तविकता तो यह है कि मन के जगाने पर कोई सोया रह नहीं सकता। सबको जागना ही पड़ता है। एक के जागने पर सब जाग जाते हैं। एक के सोने पर सब सो जाते हैं। मन का मार्ग बहुत लम्बा-चौड़ा और दीर्घ है। वह एक क्षण में सारी दुनिया का चक्कर लगा सकता है। मन को साधने के बाद उसका भटकाव मिट जाता है, प्रमाद मिट जाता है, सोने की आदत मिट जाती है। फिर वह पूर्ण अनुशासित हो जाता है, नियंत्रित हो जाता है। जागरूकता का विकास सिद्धान्त को जानने मात्र से नहीं होता। उसका विकास तब होता है, जब साधक उचित दिशा में जागरूकता का अभ्यास करे।

# बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष में भारत और हिंदू मोहरा बने?



सनत जैन

बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को भारत सरकार ने पनाह दे रखी है। जिस तरह से उन्होंने धांधली कर चुनाव जीता था, उसके बाद से ही उनके खिलाफ बांग्लादेश में वातावरण बनने लगा था। रही सही कसर अदानी समूह के साथ बिजली समझौते ने बांग्लादेश की राजनीति और सत्ता संघर्ष को बढ़ाने का काम किया। कहा जाता है, शेख हसीना ने इस समझौते में भारी भ्रष्टाचार करते हुए बिजली का अनुबंध किया था। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के लिए जिस तरह से चुनाव कराए गए थे। विपक्षियों को चुनाव में भाग लेने से रोका गया था। उसके बाद से ही शेख हसीना को बांग्लादेश में चारों तरफ से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। वह तानाशाही की तरफ बढ़ती चली जा रही थीं। विपक्षियों का दमन किया जा रहा था। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में शेख हसीना सरकार की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप छात्र आंदोलन सड़कों पर आ गया। आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर गोलियां चलाई गई। इससे माहौल बुरी तरह से बिगड़ गया। एक समय ऐसा भी आया, जब शेख हसीना को अपनी जान बचाकर बांग्लादेश से भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। भारत में शरण लेने के बाद वह निरंतर यूनुस सरकार पर हमलावर हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। इसका असर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और भारत के संबंधों पर पड रहा है। शेख हसीना के समय बांग्लादेश में जिस तरीके का नरसंहार हुआ था। पुलिस और सेना ने आम नागरिकों के ऊपर जिस तरह के अत्याचार किए थे। हाल ही में शेख हसीना ने नरसंहार के लिए उस समय के निर्वासित नेता यूनुस को जिम्मेदार ठहराने वाला बयान दिया है। 4 माह पहले शेख हसीना बांग्लादेश से जान बचाकर भारत में शरण ली है। वह भारत में बैठकर जिस तरीके के बयान लगातार दे रही हैं। उसके कारण भारत के बांग्ला देश के साथ संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। अदानी का बिजली वाला समझौता भी बांग्लादेशी नागरिकों को यह बता रहा है। महंगी दरों पर बिजली खरीद करके शेख हसीना ने भारी भ्रष्टाचार किया था। शेख हसीना के भ्रष्टाचार की चर्चा घर-घर में हो रही है। शेख हसीना को बचाने के लिए भारत सरकार अपने राजनायिक रिश्तो को बलि पर चढ़ा दिया है। बांग्लादेश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के स्थान पर, शेख हसीना को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने का अवसर भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में जिस तरह से भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में जो प्रयास करना चाहिए। बांग्लादेश सरकार से बातचीत करके मामले को सुलझाने की पहल करनी चाहिए। उसके स्थान पर भारत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ अघोषित रूप से एक पार्टी बनकर उभर रही है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। उसकी प्रतिक्रिया अब बांग्लादेश में भी देखने को मिल रही है। जिसके कारण बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार की एक नई शुरूआत देखने को मिल रही है। जो इसके पहले कभी भी बांग्लादेश में नहीं थी। इस्कॉन मंदिर अभी तक किसी राजनीति में नहीं रहता था। बांग्लादेश में इस्कान मंदिर के स्वामी ने जिस तरह का बयान दिया। उसे कहीं से भी न्याय संगत नहीं ठहराया जा सकता है। इस्कान मंदिर हमेशा प्रेम और सद्भाव के कारण सारी दुनिया में तेजी के साथ फैला। बांग्लादेश में वह भी विवादित बन गया है। अंतरिम सरकार के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनुस हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता को प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके पास इसके ठोस आधार हैं। उन्होंने शेख हसीना पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रत्यापन की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच में प्रत्यावर्तन संधि का समझौता है। भारत को इसका पालन करना चाहिए। भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को सामान्य और बेहतर बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। भारत सरकार इस मामले को हिंदू और मुसलमान के एंगल से देखकर शेख हसीना को बचाने के चक्कर में खुद एक पार्टी बन गईं है। जिससे भारत की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य मामलों में पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को लेकर दूरियां बनना शुरू हो गई हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। हाल ही में भारत के कई हिस्सों में बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं। भारत में बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष को हिंदू-मुस्लिम एंगल से देखा जा रहा है। कहीं ना कहीं भारत सरकार की विदेश नीति में पहली बार यह गड़बड़ी होते हुए देखी जा रही है। भारत सरकार बांग्लादेश के साथ सीधी बात क्यों नहीं कर रही है। इसको लेकर भी तरह-तरह की चचाएं होने लगी हैं। शरणार्थी के रूप में शेख हसीना भारत में रह रही हैं। कम से कम उन्हें बयान देने से भारत सरकार द्वारा रोका जाना चाहिए। यदि यह संदेश बांग्लादेश में जा रहा है, कि शेख हसीना भारत में रहते हुए बांग्लादेश की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। भारत से बैठकर वह बांग्लादेश की राजनीति कर रही हैं। भारत सरकार का उन्हें समर्थन प्राप्त हो रहा है। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश और भारत के संबंधों को सामान्य नहीं बनाया जा सकता है। वर्तमान स्थिति में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को सुरक्षित कर पाना संभव नहीं होगा। भारत में जिस तरह से मुसलमानो के धार्मिक क्षेत्रों की खुदाई की जा रही है। जगह-जगह सर्वे की शुरूआत हो चुकी है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। इसका असर भी बांग्लादेश के हिंदुओं पर पडता हुआ दिख रहा है। भारत सरकार को बड़ी गंभीरता से वर्तमान स्थिति को देखते हुए बांग्लादेश के साथ अपने राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अन्यथा बांग्लादेश के साथ-साथ भारत में भी कानून व्यवस्था की स्थिति दिनों दिन खराब हो सकती है। इस बात का भी ध्यान भारत सरकार को रखना होगा। जब तक शेख हसीना भारत में शरण लेकर रह रही हैं। भारत सरकार को उनको भी अनावश्यक बयान देने से नियंत्रित करने की जरूरत है। यहां रहते हुए वह इस तरह का कोई बयान नहीं दें। शेख हसीना के बयान से दोनों देशों के संबंधों पर विपरीत असर पड़े। होना तो यह चाहिए, भारत सरकार को शेख हसीना को किसी ऐसे देश में शरण दिलाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। शेख हसीना भारत में नहीं रहेगी, तभी भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य हो सकते हैं। भारत और बांग्ला देश पड़ोसी देश हैं। भारत सरकार जितनी जल्दी बांग्लादेश के आंतरिक विवाद से दूर होगी, उतनी ही जल्दी भारत सरकार और बांग्लादेश के संबंध सामान्य हो सकते हैं। बांग्लादेश में रह रहे हिंदू भी सुरक्षित होंगे। भारत सरकार को इस विषय पर गंभीरता से चिंतन करते हुए अपने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। भारत को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में दखल देने के स्थान पर अपने हितों को सुरक्षित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

# शेयर बाजारः गिरावट का गुणा गणित



राहुल लाल




भारतीय शेयर बाजार पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट का रुख है और बेंचमार्क निफ्टी और स्मॉलकैप 100 अपने सार्वकालिक उच्चतम स्तर से 10 फीसद से ज्यादा टूट चुके हैं। बाजार कमजोर नतीजों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली का पहले से दबाव झेल रहा था। इस बीच, खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी और डॉलर में मजबूती ने चिंता बढ़ा दी है। बाजार के उच्चतम स्तर से 10 फीसद से ज्यादा फिसलने को ही 'तकनीकी रूप से गिरावट' कहा जाता है।

डॉलर में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड में तेजी के मद्देनजर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारत से अपना निवेश लगातार निकाल रहे हैं। अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने 94,017 करोड़ डॉलर की निकासी की तो नवम्बर में 21,612 डॉलर की। अमेरिकी फेड रेट में कटौती के बाद से ही एफपीआई में निकासी जारी है। बीते माह चीन सरकार ने स्पेशल राहत पैकेज का ऐलान कर अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की कोशिश की। इस राहत पैकेज ने भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया। इसलिए विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल कर अमेरिका और चीन के बाजार में निवेश करना शुरू कर दिया। विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से दूरी बनाई तो घरेलू निवेशकों ने शेयर बाजार में मोर्चा संभाला। लेकिन चिंता की बात यह है कि घरेलू निवेशकों में काफी ऐसे हैं, जिन्हें शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था की मोटी-मोटी जानकारियां नहीं हैं। कड़वी सच्चाई है कि शेयर बाजार से 90 फीसद से ज्यादा रिटेलर पैसे नहीं बना पाते, बल्कि अपनी मेहनत से कमाए पैसे गंवा जरूर देते हैं। रिटेल निवेशकों को समझना होगा कि अभी जब निजी इक्विटी फर्में, प्रवर्तक इकाइयां इत्यादि शेयर बाजार से दूरी बना रही हैं, तब वे बिना रिसर्च किए शेयर बाजार में निवेश करेंगे, तो उनका निवेश कैसे सुरक्षित रह सकता है?

शेयर बाजार काफी जोखिम भरा होता है, एक छोटी सी गलती निवेशक को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। आज सोशल मीडिया पर कई इनफ्लुएंसर ज्ञान देते हैं कि किस शेयर में निवेश करना चाहिए। हमें इनसे प्रभावित होकर निवेश नहीं करना चाहिए। जब भी किसी कंपनी के शेयर खरीदें, तो आपको उस कंपनी के बारे में गहन रिसर्च करनी चाहिए। शेयर बाजार में कई कंपनियों में उतार-चढ़ाव कृत्रिम किस्म का होता है, जिसमें बड़े खिलाड़ी तो लाभ लेकर निकल जाते हैं, परंतु छोटे खुदरा निवेशक बर्बाद हो जाते हैं। सरकार और सेबी जैसे नियामकों के लिए आवश्यक है कि शेयर बाजार में कृत्रिम उतार-चढ़ाव को लेकर सदैव सख्त रहें। छोटे निवेशकों की पूंजी न डूबे, इसके लिए सेबी और सरकार को भी कुछ सेफगार्ड बनाने चाहिए। निवेशकों को शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था की बारीकियों की सीख देने के लिए भी सेबी को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। निवेशकों को भी अर्थव्यवस्था की विभिन्न चुनौतियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। उदाहरण के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय एक ओर महंगाई और दूसरी ओर सुस्त होती रफ्तार से जूझ रही है। आरबीआई के लिए आवश्यक है कि महंगाई को 6प्र. के दायरे में रखे जबकि इस समय खुदरा महंगाई दर 6.2 प्रतिशत है। आरबीआई इस दृष्टि से ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता। ब्याज दरों में कटौती करेगा, तो महंगाई और बढ़ जाएगी। दूसरी तरफ, इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर केवल 5.4 फीसदी रही, जो 7 तिमाहियों में सबसे कम है। इस समय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए सस्ते कर्ज की जरूरत है, जिसके लिए आरबीआई को ब्याज दर में कटौती करनी होगी परंतु महंगाई दर के कारण यह संभव नहीं। ब्याज दरें कम नहीं हुई तो आर्थिक सुस्ती जल्द ही आर्थिक मंदी की ओर अग्रसर हो जाएगी।

कुल मिला कर ब्याज दरें घटाने की गुंजाइश सीमित होना अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार के लिए अच्छी खबर नहीं है। ऐसे में निवेशकों को परिस्थितियों के अनुसार निवेश की योजना बनानी चाहिए। शेयर बाजार में जो हाहाकार मचा है, उसमें विदेशी निवेशकों की भारी-भरकम निकासी भी प्रमुख कारण है। स्पष्ट है कि भारत को टिकाऊ स्तर पर उच्च निवेश की आवश्यकता है, ताकि लंबी अवधि तक देश ऊंची वृद्धि दर हासिल कर सके। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जिस तरह उच्च स्तर पर निकासी की है, उससे बचने के लिए आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था के सभी उच्चतर संकेतकों को मजबूत रखा जाए। देश विकास के जिस चरण में है, वहां हमारी घरेलू बचत 'जीडीपी वृद्धि' के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में विश्व से टिकाऊ पूंजी जुटाने की जरूरत है। भारत में आने वाली विदेशी पूंजी कई लक्ष्यों के साथ आती है। उदाहरण के लिए कुछ एफपीआई केवल भारत और अमेरिका की ब्याज दरों के अंतर का लाभ उठाने के लिए आते हैं। ऐसे निवेश अल्पकालिक प्रकृति के हो सकते हैं, और बहुत जल्दी वापस चले भी जाते हैं।



## राजकुमार राव ने आदित्य निंबालकर के साथ मिलाया हाथ, इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने इस साल कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और अपनी दमदार अदाकारी से दिल जीता। वे मिस्टर एंड मिसेज माही के बाद स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर के साथ नजर आए, जिसकी सफलता का जश्न उन्होंने खूब धूमधाम से मनाया था। वे आखिरी बार विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आए। हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। वहीं, अब राजकुमार राव की नई फिल्म को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### अभिनय के साथ करेंगे फिल्म का निर्माण

रिपोर्ट्स के अनुसार, राजकुमार राव ने अपनी नई फिल्म के लिए निर्देशक आदित्य निंबालकर के साथ हाथ मिलाया है। आदित्य निंबालकर फिल्म सेक्टर 36 का निर्देशन कर चुके हैं। यह नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल फिल्म होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि राजकुमार राव निर्देशक आदित्य निंबालकर द्वारा निर्देशित इस अनाम फिल्म के साथ निर्माता बनने जा रहे हैं।

वहीं, फिल्म की कहानी की बात करें तो यह एक हत्या की पृष्ठभूमि पर आधारित एक डार्क कॉमेडी है। राजकुमार राव को यह विषय इतना पसंद आया कि उन्होंने इसे खुद ही प्रोड्यूस करने का फैसला किया। अभिनेता ने एक निर्माता की जिम्मेदारी ली और फिर नेटफ्लिक्स के साथ डायरेक्ट-टू-डिजिटल डील पर साझेदारी की।

कहा गया कि राजकुमार राव इस अभी तक बिना शीर्षक वाली नेटफ्लिक्स ओरिजिनल फिल्म की शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू करेंगे और फिल्म का प्रीमियर अगले साल के अंत तक प्लेटफॉर्म पर होगा। सभी को विषय पसंद आया है और डिजिटल माध्यम पर फिल्म की संभावनाओं को लेकर सभी उत्साहित हैं। यह फिल्म हत्या की जांच की कहानी को दिखाएगी, जिसकी पटकथा काफी दिलचस्प होगी।

### राजकुमार की आने वाली फिल्में

इस फिल्म में राजकुमार राव अब अभिनय के साथ-साथ इसके सह-निर्माता भी बनेंगे। आदित्य निंबालकर निर्देशित इस फिल्म के अलावा राजकुमार राव को एक और फिल्म के लिए भी साइन किया है। इस बारे में जल्द ही ज्यादा जानकारी सामने आएगी। वहीं, बात करें अभिनेता की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वह पुलकित द्वारा निर्देशित मालिक में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग फिलहाल जारी है।



# फिल्मों में अलग किरदार निभा कोंकणा सेन शर्मा ने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया

**बॉलीवुड इंडस्ट्री में कोंकणा सेन शर्मा को उनकी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाना जाता हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय के लिए हर जगह प्रशंसा बटोरी है। नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी कोंकणा अपना 44वां जन्मदिन मना रही हैं। कोंकणा ने बचपन से ही अभिनय करना शुरू कर दिया था। इस अभिनेत्री ने 1983 की फिल्म इंदिरा में एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने जितनी भी फिल्में कीं, उनमें अपने अभिनय की अलग दमदार छाप छोड़ी। उन्होंने हर फिल्म में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। ऐसे में चलिए जानते हैं कोंकणा की कुछ बेहतरीन भूमिकाओं के बारे में।**

### तलवार

तलवार मोटे तौर पर 2008 के नोएडा दोहरे हत्याकांड पर आधारित थी, जिसमें एक किशोरी और उसके परिवार का नौकर शामिल था। यह फिल्म एक मामले की तीन अलग-अलग दृष्टिकोणों से जांच की कहानी को दिखाती है, जिसमें पुलिस जांच में उसके माता-पिता हत्या के आरोपों में या तो दोषी पाए जाते हैं या निर्दोष। कोंकणा सेन शर्मा ने फिल्म में एक मां की भूमिका निभाई है। इसमें इरफान खान और नीरज काबी भी मुख्य भूमिका में हैं।

### ओमकारा में इंदु त्यागी के रूप में

कोंकणा सेन शर्मा ने विशाल भारद्वाज की प्रतिष्ठित फिल्म ओमकारा में इंदु त्यागी की भूमिका निभाई थी। एक गांव की साधारण महिला कोंकणा सेन शर्मा ने चरित्र की गहराई में उतर कर उसकी भाषा और बोली पर पूरी पकड़ बना ली, साथ ही चरित्र के लिए अपेक्षित व्यवहार और मासूमियत भी हासिल कर ली। वह एक घरेलू दर्शक से एक ऐसी महिला में बदल जाती हैं, जो अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं उठाती है।

### मिस्टर एंड मिसेज अय्यर में बनीं मीनाक्षी अय्यर

कोंकणा सेन शर्मा के करियर की शुरुआती फिल्मों में से एक में उन्होंने एक तमिल ब्राह्मण महिला की भूमिका में अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया, जो गर्व, खुशी और दर्द को अत्यंत स्पष्ट तरीके से व्यक्त करती है। फिल्म के कई दृश्यों में यह बात स्पष्ट है कि वह बिना कोई संवाद बोले सिर्फ अपने हाव-भाव से ही आपके दिल पर वार कर सकती हैं।

### पेज 3 में माधवी शर्मा के रूप में कोंकणा

कोंकणा सेन शर्मा की अब तक की सर्वश्रेष्ठ भूमिकाओं में से एक मधुर भंडारकर की फिल्म पेज 3 में एक महत्वाकांक्षी पत्रकार की भूमिका है। यह फिल्म अपने समय से बहुत आगे थी और इसमें हिंदी फिल्म उद्योग के अंधेरे पक्ष को शानदार ढंग से दिखाया गया था, जिसमें कोंकणा सेन शर्मा केंद्र में थे। उनका चरित्र उनके जीवन की मुश्किलों को दर्शाता है। इसमें अतुल कुलकर्णी, संध्या मृदुल, तारा शर्मा, अंजू महेंद्रू और बोमन ईरानी भी हैं। 2005 में रिलीज हुई इस फिल्म ने तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। पेज 3 का निर्देशन मधुर भंडारकर ने किया था और बॉबी पुष्करना और कविता पुष्करना ने इसका निर्माण किया था।



## करण औजला म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए देश आने की कर रहे तैयारी, नए गाने को लेकर भी दी जानकारी

करण औजला भारतीय सिंगर है, वह अपने पंजाबी गानों के लिए देश भर में मशहूर है। वैसे वह ज्यादातर कनाडा में रहते हैं। जल्द ही उनका भारत के कई शहरों में म्यूजिक टूर होने वाला है। इस बात को लेकर वह काफी उत्साहित हैं। अपने भारत आने की तैयारियों को वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए फैंस के साथ साझा कर रहे हैं। कुछ देर पहले भी उन्होंने इंस्टाग्राम की स्टोरी सेक्शन में एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह पैकिंग करते हुए नजर आ रहे थे।

### म्यूजिक कॉन्सर्ट को लेकर हैं खुश

करण औजला ने जो वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है, उसमें वह काफी खुश नजर आ रहे हैं। वह वीडियो में अपने दोस्तों से पूछ रहे हैं कि किस तरह के कपड़े पैक करें। इसके बाद वह लगेज बैग के साथ नजर आते हैं। हर वीडियो में भारत का झड़ा उन्होंने टैग किया हुआ है। करण जल्द ही भारत पहुंच जाएंगे। देश के आठ शहरों में वह अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट करने वाले हैं।

### नए गाने की जानकारी भी दी

इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए ही करण औजला ने अपने नए गाने की जानकारी भी दी है। वह टी सीरीज के साथ एक गाना कर रहे हैं, जो कि पांच तारीख को रिलीज होगा। इस गाने का नाम 'आए हाय' है। अपने नए गाने को लेकर भी करण काफी खुश हैं।

### तौबा-तौबा पर अब तक झूम रहे हैं लोग

करण औजला का गाना 'तौबा-तौबा' इसी साल विक्की कौशल की फिल्म 'बैड न्यूज' में सुनने को मिला था। शादियों के इस सीजन में भी लोग करण के इस गाने पर झूम रहे हैं। करण के म्यूजिक कॉन्सर्ट में भी फैंस को यह गाना जरूर सुनने को मिलेगा। करण का यह टूर 7 दिसंबर से लेकर 21 दिसंबर तक होगा। इस म्यूजिक टूर का नाम 'इट वाज ऑल ए ड्रीम' है। चंडीगढ़, दिल्ली, मुंबई के अलावा कुछ और शहरों में भी करण का म्यूजिक कॉन्सर्ट होगा।

### दर्शकों को हैरान कर देंगे

सूत्रों के अनुसार करण अपने म्यूजिक टूर की तैयारियां लगभग एक साल से कर रहे थे। इस टूर के जरिए वह पंजाबी कल्चर और इंडियन म्यूजिक को सेलिब्रेट करना चाहते हैं। साथ ही म्यूजिक टूर में वह अपने फैंस को कोई बड़ा सरप्राइज भी देने वाले हैं।

## रिटायरमेंट नहीं, कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं

विक्रांत मैसी अपने रिटायरमेंट को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। इस बीच अभिनेता का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह रिटायरमेंट नहीं, बल्कि कुछ दिनों के लिए ब्रेक लेने जा रहे हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' फेम विक्रांत मैसी का लेटेस्ट बयान सामने आया है। अभिनेता ने नए बयान में कहा, मेरे लिए एक्टिंग ही सब कुछ है। आज मेरे पास जो कुछ भी है, वह मुझे एक्टिंग ने ही दिया है। मेरे मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर इसका बहुत असर पड़ रहा है। ऐसे में मैं बस कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं, मैं अपने स्किल को और बेहतर बनाना चाहता हूं। थोड़ा ब्रेक चाहता हूं। अभिनेता ने कहा, मेरे पोस्ट का गलत अर्थ निकाला गया है कि मैं एक्टिंग की दुनिया छोड़ रहा हूं या इससे रिटायरमेंट ले रहा हूं। मैं अपने परिवार और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहता हूं, जब सही समय लगेगा तो मैं वापस आ जाऊंगा। उन्होंने लिखा, हैलो, पिछले कुछ साल और उससे आगे का समय मेरे लिए काफी शानदार रहा है। मैं आप सभी को समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। लेकिन,



जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मुझे एहसास हो रहा है कि यह समय फिर से संभलने और एक पति, पिता, बेटे और अभिनेता के रूप में घर वापस जाने का है। इसलिए, साल 2025 में हम एक-दूसरे से आखिरी बार मिलेंगे। जब तक समय सही न लगे। एक बार फिर से धन्यवाद, हर चीज के लिए आप सभी का हमेशा आभारी रहूंगा। विक्रांत मैसी अपनी हालिया रिलीज 'द साबरमती रिपोर्ट' की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। मैसी की 'जीरो से रीस्टार्ट' भी 20 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है।

## बिग बॉस 18 में होगी शालिनी पासी की वाइल्ड कार्ड एंट्री



बिग बॉस 18 में शालिनी पासी वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री करने जा रही हैं। वह इस हफ्ते बुधवार और गुरुवार को शूट करेंगी। एक्ट्रेस 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स से सुर्खियों में आईं हैं। शालिनी पासी को 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स शो से काफी पहचान मिली है। इस शो ने उन्हें एक नया फेम और ऑडियंस के बीच पॉपुलैरिटी दिलाई है। ऑडियंस अब बिग बॉस में उनके एंट्री को लेकर काफी उत्साहित हैं।

### ओरी जैसे रोल में नजर आएंगी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शालिनी का रोल बिग बॉस 18 में पिछले सीजन के ओरी जैसा हो सकता है, जिसने शो में अपने अंदाज और ड्रामा से ऑडियंस को काफी अट्रैक्ट किया था। शालिनी का किरदार और भी इंट्रिगिंग हो सकता है। शालिनी पासी को रियलटी शो फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का अनुभव है। ऐसा माना जा रहा है कि उनका ये अनुभव इस बार बिग बॉस में उन्हें कॉन्फिडेंस और रणनीति से गेम खेलने में मदद करेगा। शालिनी की एंट्री के बाद बिग बॉस में नए ट्विस्ट और ड्रामा का माहौल बन सकता है। उनके आने से शो में कुछ नया देखने को मिल सकता है, जो ऑडियंस को शो से जोड़े रखेगा। सूत्रों का मानना है कि बिग बॉस में उनकी एंट्री उनके करियर में एक नया मोड़ ला सकती है।

### इस सीजन में पहले भी हुई वाइल्ड कार्ड एंट्री

सलमान खान के रिएलिटी शो बिग बॉस में सबसे पहले दिग्विजय राठी और कशिश कपूर की बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई। उसके बाद एडिन रोज, अदिति मिस्त्री और यामिनी मल्होत्रा भी शो में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट शामिल हुईं।



## कभी क्रिकेट खेला, कभी पायलट की ट्रेनिंग ली पर मैं टिका किसी में नहीं

**वेब सीरीज जुबली के जय खन्ना के रूप में दर्शकों का दिल जीतने वाले ऐक्टर सिद्धांत गुप्ता इन दिनों अपनी नई सीरीज फ्रीडम ऐट मिडनाइट को लेकर चर्चा में हैं। सीरीज में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने वाले सिद्धांत से खास बातचीत।**

कभी अंडर 14 क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व तो कभी दिल्ली में पायलट बनने की ट्रेनिंग लेने वाले सिद्धांत बताते हैं, मुझे बहुत टाइम तक पता नहीं था कि मुझे जिंदगी में करना क्या है। बचपन में क्रिकेट का शौक था। मुझे लगता था कि मैं खेलने के लिए पैदा हुआ हूं, जैसे ज्यादातर बच्चों को लगता है। नैशनल खेलने के लिए स्कूल से छुट्टी मिल जाती थी तो अंडर 14 क्रिकेट में खेला, मगर ऐसा नहीं लगा कि मैं सारी जिंदगी यही करना चाहता हूं। फिर, अंडर 17 में बास्केटबॉल और स्विमिंग में भी भागीदारी की, पर मैं टिका किसी में नहीं। दिल्ली में पायलट की पढ़ाई कर रहा था, वहीं मॉडलिंग करने लगा। उसमें भी यही लगा कि मैं ये पूरी उम्र नहीं कर सकता। तब सोचा कि आगे क्या करूं? तो मुंबई आ गया, यहां ऐक्टिंग की शुरुआत हुई, मगर तब भी ये नहीं लगा कि यही मेरी जिंदगी है।


### लंदन के उस वर्कशॉप ने बदली लाइफ

सिद्धांत अपने ऐक्टिंग करियर के टर्निंग पॉइंट के बारे में बताते हैं, मैं जब टीवी से फिल्मों में आने की कोशिश कर रहा था, तब फिल्म भूमि में एक कैमियो किया था। वो फिल्म मेरी नहीं थी, फिल्म चली भी नहीं, तब मुझे लगा कि मैं क्या कर रहा हूं? क्यों कर रहा हूं? अगर मुझे वाकई ऐक्टिंग करना है तो या इस सवाल का जवाब ढूंढ लूं कि यह क्यों करना है या फिर कोई और काम ढूंढ लूं, क्योंकि एक ही जिंदगी है। तब मैं एक महीने के लिए सबसे दूर अकेले लंदन चला गया। वह मेरी जिंदगी का पहला सोलो ट्रिप था। वहां मैं एक ड्रामा स्कूल से जुड़ गया, वर्कशॉप करने लगा और वहां मैंने पहली बार आर्ट का जादू महसूस किया। मेरे लिए वह वर्कशॉप टर्निंग पॉइंट रहा।

### पंडित नेहरू का रोल निभाना बड़ी चुनौती

सीरीज फ्रीडम ऐट मिडनाइट में पंडित जवाहर लाल नेहरू की चुनौतीपूर्ण भूमिका से जुड़ने और उसमें ढलने के बाबत सिद्धांत ने बताया, जुबली के बाद मैं एक चैलेंजिंग रोल ढूंढ रहा था, जो मुझे मिल नहीं रहा था। ऐसे में, जब निखिल अडवानी सर ने मुझे पंडित जवाहरलाल नेहरू के रोल में चुना तो मुझे खुद यकीन नहीं था कि मैं इसे ठीक से निभा पाऊंगा या नहीं। यह बहुत बड़ा किरदार है। वह इंसान नहीं, एक इमोशन हैं। इसलिए, यह एक बड़ी जिम्मेदारी थी लेकिन निखिल सर ने कहा कि मैं उनकी पहली पसंद हूं, तो मेरा भरोसा भी बढ़ गया। ऐसे डायरेक्टर्स की यही खूबी होती है कि वे आप पर भरोसा करते हैं। वह विक्रमादित्य मोटवाने हों या निखिल अडवानी, दोनों ने मुझे खुला छोड़ दिया कि तुम्हें जो ठीक लगता है, वो करो। हालांकि, इस बार चुनौती ज्यादा बड़ी थी और मेरे पास तैयारी के लिए महज दो महीने थे। मैंने यूट्यूब पर पंडित नेहरू के काफी विडियो देखे। उनकी लिखी किताबें पढ़ी ताकि उनकी सोच को समझ सकूं।

## चंकी पांडे ने की अनन्या की तारीफ





बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या पांडे की तारीफ की है। खो गए हम कहां के लिए बेस्ट एक्टर फीमेल का अवॉर्ड मिला है। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा, मुझे तुम पर बहुत गर्व है। खो गए हम कहां के लिए फिल्म फेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड इस पोस्ट पर अनन्या पांडे के प्रशंसकों ने प्रतिक्रिया दी है। चंकी पांडे अक्सर अपनी बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। उन्होंने इस पोस्ट में अनन्या पांडे की तस्वीर साझा की है, इस में वे फिल्म फेयर अवॉर्ड लिए नजर आ रही हैं।

# स्थाईकरण और वेतन नियमितीकरण की मांग

### आयुक्त संस्कृत शिक्षा को तिवाड़ी ने लिखा पत्र

हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान जयपुर की प्रधानाध्यापक प्रवेशिका भर्ती 2021 के तहत नियुक्त प्रधानाध्यापकों के स्थाईकरण एवं वेतन नियमितीकरण करने को लेकर राजस्थान संस्कृत विभागीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने आयुक्त संस्कृत शिक्षा को पत्र प्रेषित किया है। तिवाड़ी ने बताया की संगठन को मिली जानकारी के अनुसार प्रधानाध्यापक प्रवेशिका भर्ती परीक्षा 2021 के तहत विभाग में नियुक्त अधिकतर प्रधानाध्यापकों का अक्टुबर माह तक दो वर्षीय परीविक्षाकाल पूर्ण हो चुका है। परन्तु अब तक इनका स्थाईकरण एवं वेतन नियमितिकरण नहीं हुआ है। स्थाईकरण एवं वेतन नियमितीकरण समय से नहीं होने की स्थिति में इन प्रधानाध्यापकों को वित्त विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार जनवरी माह में मिलने वाले इन्क्रीमेंट से वंचित रहना पड़ सकता है। संगठन ने आयुक्त संस्कृत शिक्षा से दो वर्षीय परिवीक्षाकाल नियमानुसार पूर्ण कर चुके प्रधानाध्यापकों को सभी वित्तीय एवं अन्य लाभ समय से मिल सकें इस हेतु अविलम्ब स्थाईकरण एवं वेतन नियमितिकरण करवाने का निवेदन किया है। संगठन के प्रदेश महामंत्री दयालसिंह काजला ने बताया कि पत्र की प्रति शासन सचिव संस्कृत शिक्षा आर सैनी नेतृत्वकर्ता प्रधानाध्यापक प्रवेशिका को भी प्रेषित की गई हैं।



# अभिभाषक संघ के चुनाव 13 को

### 214 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर के वार्षिक चुनाव 13 दिसंबर शुक्रवार को होंगे जिसमें 5 पदों के लिए मतदान होगा ।इनके लिए 214 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।चुनाव समिति के सदस्य एडवोकेट राम प्रताप सिंह धीवा, गिरिराज शर्मा ,झाबरमल जाजोद ,अभिषेक कुमावत व अजय हरितवाल ने बताया कि अंतिम सूची के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट झाबरमल बिजारणियां. कमलेश कुमार शर्मा ,रामजीलाल सैनी व श्रवण कुमार यादव के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला ,उपाध्यक्ष पद के लिए गोकुल चंद्र जाट, जितेंद्र सिंह शेखावत व सीताराम बुनकर के बीच त्रिकोणीय मुकाबला, महासचिव पद के लिए दिपेंद्र कुमार भारद्वाज व पूरणमल सांखला के बीच सीधा मुकाबला, संयुक्त सचिव पद के लिए हनुमान राम व विजय कुमार शर्मा के बीच सीधा मुकाबला, कोषाध्यक्ष पद के लिए धर्मेंद्र कुमार गुर्जर व सरफराज खान के बीच सीधा मुकाबला होगा। जबकि पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार टेलर व 5 सदस्य कार्यकारिणी में रणवीर सिंह शेखावत व सुभाष चंद्र गुप्ता ने अपनी उम्मीदवारी जताई है। इन 5 पदों के लिए 13 दिसंबर को सुबह 9बजे से शाम 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा तथा उसी दिन साढे 3बजे मत गणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# टंकण परीक्षा के आवेदनों की तिथि 16 दिसंबर तक बढ़ाई

हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** अतिरिक्त जिला कलक्टर भागीरथ शाख ने बताया की मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति के पश्चात ली जाने वाली टंकण परीक्षा हेतु जिला कलक्टर कार्यालय द्वारा आवेदन कम प्राप्त होने के कारण आवेदन तिथि को बढ़ा कर 16 दिसंबर 2024 कर दिया गया है। परीक्षा माह जनवरी 2025 में आयोजित की जावेगी। इस विषय में और अधिक जानकारी जिला नियंत्रण कक्ष 01574 230013 पर कॉल करके प्राप्त की जा सकती है।

# विद्यालय विकास में समुदाय का विशेष सहयोग वैष्णव

### दो दिवसीय सामुदायिक गतिशीलता प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



हमारा समाचार

**नाथद्वारा।** राजसमंद जिले की आमेट नगरपालिका क्षेत्र के समस्त राजकीय विद्यालयों में चल रही विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति एसएमसी व एसडीएमसी के सदस्यों का दो दिवसीय सामुदायिक गतिशीलता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन यूसीईईओ अधिकारी देवी लाल खटीक के मुख्य आतिथ्य व केआरपी मुकेश वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ । विशिष्ट अतिथि प्राध्यापक सम्पत लाल खटीक,सेठ तख्तमल कच्छारा राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के? प्रधानाचार्य कालुराम, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्य चन्द्रकला शर्मा थे । दक्ष प्रशिक्षक रतन लाल खटीक ने विद्यालय में एसडीएमसी के गठन व कार्य प्रणाली पर विस्तृत जानकारी प्रदान की । केआरपी मुकेश वैष्णव ने विद्यालय विकास में एसएमसी व एसडीएमसी की भूमिका, दायित्व व अधिकारों से परिचित करवाते हुए एसएमसी व? एसडीएमसी के सदस्यों की क्षमता संवर्धन हेतु प्रेरित किया । शहरी क्षेत्र नॉडल अधिकारी व पीएम श्री राउमावि आमेट के प्रधानाचार्य देवी लाल खटीक ने विद्यालय प्रबंधन व विकास समिति के सहयोग से विद्यालय में करवाये विकास कार्यो की जानकारी प्रदान की । इस अवसर पर राधा जाट,मीना अटल,पिंटू चौहान,छोटू लाल जीनगर कृष्णा पालीवाल, सुनील कुमार, मनोहर लाल, ज्योति सोनी,लक्ष्मी सेन,पूजा शर्मा,कल्पना शर्मा,मीरा सैनी, रीना श्रोत्रिय सहित सभी सम्भागी मौजूद रहे।

# दो नाम निर्देशन पत्र वापसी के बाद आमेट बार अध्यक्ष के लिए लक्षकार एवं चुंडावत के मध्य सीधा मुकाबला

हमारा समाचार

**राजसमन्द।** राजसमन्द की आमेट बार एसोसिएशन चुनाव अध्यक्ष 2025 के लिए चार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए थे , सहायक निर्वाचन अधिकारी करण सिंह भाटी ने बताया कि आज शुक्रवार को नाम वापसी के अंतिम दिन अधिवक्ता समुंदर सिंह चुंडावत एवं सत्यनारायण व्यास द्वारा निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद नूर शेख के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश कर नाम निर्देशन पत्र वापस लिए जाने के बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुनाव वर्ष 2025 के लिए प्रमोद लक्षकार एवं वीरेंद्र सिंह चुंडावत के मध्य सीधा मुकाबला हो गया है । 9 दिसंबर को दोनों के मध्य चुनाव होंगे जिसमें बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग कर अध्यक्ष चुनेंगे ।

## डॉ. अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

# अम्बेडकर के जीवन आदर्शो पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है: प्राचार्य मंजू वर्मा

हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय नीमकाथाना में शुक्रवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि व वक्ता राष्ट्रीय कला मंच के प्रान्त प्रमुख एवं प्रधानाचार्य बाबूलाल गुर्जर रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मंजू वर्मा, प्रो. अनूप कुमार एवं बाबूलाल गुर्जर द्वारा डॉ. अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि प्रकट करने के साथ हुआ। बाबूलाल गुर्जर ने अपने उद्बोधन में बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर



संविधान निमार्ता, सामाजिक न्याय के पुरोधा, सामाजिक-आर्थिक सुधारक व महिला सशक्तीकरण के सुद्दढ समर्थक थे। उन्होंने दलितों, श्रमिकों, किसानों के अधिकारो का समर्थन किया एवं दलित बौद्ध आन्दोलन को प्रेरित किया। प्रो. अनूप कुमार ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मंजू वर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि डॉ. अम्बेडकर के जीवन आदर्शों को जानकर उनको अपने जीवन में अनुस्यूत करना ही परिनिर्वाण दिवस मनाने की सार्थकता है व डॉ. अम्बेडकर को सच्ची श्रृद्धांजलि है। कार्यक्रम का संचालन सह आचार्य डॉ. अजीत ने किया। इस अवसर पर आर. एन. शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, रोहिताश यादव, श्रीमती ज्योति, जितेन्द्र सिंह तंवर, डॉ. सुरेश चौधरी आदि तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

# श्री-श्रीजी विवाह मंगल महोत्सव कार्यक्रम जारी, शोभा यात्रा आज

हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** मंदिर श्री गोपीनाथ जी में श्री- श्रीजी विवाह मंगल महोत्सव (विवाह पंचमी) के कार्यक्रम मंगलवार 3 दिसंबर से प्रारंभ हो गए हैं जो



आगामी 7 दिसंबर शनिवार तक चलेंगे। मंदिर श्री गोपीनाथ जी श्रीमाधोपुर के महंत डॉक्टर मनोहर शरण दास से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर शुक्रवार को बारात भ्रमण (मंदिर), जनवासा प्रवेश , परीछन सियाजू आगमन , लौकिक - वैदिक विवाह भामर दुधाभाती, जोनार, विवाह रस चर्चा, पाणिग्रहण संस्कार और मंगल बधाई गान किए जाएंगे,साथ ही प्रातः 5 बजे पंचामृत अभिषेक, नवीन पोशाक, 8:30 बजे भव्य श्रृंगार आरती, दोपहर 11 बजे राजभोग अर्पण सेवा , शाम 5 बजे से उत्थापन सेवा एवं रात्रि में पाणिग्रहण संस्कार और मंगल बधाई गान का कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# केंद्रीय विद्यालय सीसुबल खाजूवाला में वार्षिक खेलकूद दिवस का हुआ आयोजन

हमारा समाचार

**खाजूवाला।** केंद्रीय विद्यालय सीसुबल खाजूवाला में वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि रानी झा अध्यक्षा बावा सीसुबल खाजूवाला रहीं तथा विशिष्ट अतिथि रश्मि तिवारी रहीं। विद्यालय प्राचार्य श्रवण कुमार ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन विद्यार्थियों के शैक्षणिक व सह शैक्षणिक विकास के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन वर्ष भर करता है। वार्षिक खेलकूद दिवस के अंतर्गत विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी न केवल अकादमिक बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रानी झा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताते हुए। सभी विद्यार्थियों को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम प्रभारी शारीरिक शिक्षिका निशा ने बताया कि इस अवसर पर 100,



200 मीटर दौड़, रिले रेस, कब्बड्डी, चम्मच दौड़, मेंढक दौड़ आदि का आयोजन करवाया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को प्रमाण-पत्र और पदक देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठतम शिक्षक प्रदीप कुमार तेतरवाल, सह संयोजक मनप्रीत सिंह गिल तथा समस्त शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन मनप्रीत सिंह गिल और रमेश कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप तेतरवाल ने किया।

# विधायक डॉ. मेघवाल के प्रयासों से दो पशु चिकित्सा उप केंद्र क्रमोन्नत

हमारा समाचार

**खाजूवाला।** खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल के प्रयासों से पशुपालन विभाग ने खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र



में दो पशु चिकित्सा उपकेंद्रों को पशु चिकित्सालय के रूप में क्रमोन्नत करने और इनमें विभिन्न पदों की स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। विधायक डॉ. मेघवाल ने बताया कि खाजूवाला तहसील के 34 केवाईडी और पूगल तहसील क्षेत्र के गांव 646 आरडी के उप केंद्रों को पशु चिकित्सालय के रूप में क्रमोन्नत किया है। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र की पशुपालकों को पशुओं के लिए और अधिक बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेंगे विधायक ने इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 98 पशु चिकित्सा उप केंद्रों को पशु चिकित्सालय के रूप में क्रमोन्नत किया गया है। इनमें बीकानेर जिले के दो केंद्र सम्मिलित हैं। दोनों ही खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के हैं।

# लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने 62 छात्रों को बांटे जूते और मोजे



हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** आने वाले सर्दी के मौसम को देखते हुए पंडित बंशीधर शर्मा नांगलका राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर के सभी 62 विद्यार्थियों को लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने जूते और मोजे वितरण किये जिसमें विशेष सहयोग लायन बनवारी लाल कुमावत का रहा। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुन्ना लाल पबड़िया एवं विद्यालय के अध्यापक भूदा राम कुमावत, राजेंद्र सैनी के अलावा क्लब के सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, रेवत सिंह, सागरमल सैनी और ललित कुमार सैनी उपस्थित रहे । जूते और मोजे प्राप्त होने पर खुशी के मारे सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे।

# एक सो आठ फिट ऊंची हनुमान प्रतिमा स्थापना हेतु प्रथम चरण पूर्ण होते हुए पकड़ी, काम ने रफ्तार

### मूर्ति स्थापना करवाने वाले वैष्णव गिरीश भाई शाह ने आर्टिटेक, व इंजिनियर के साथ किया मौका मुवावना

हमारा समाचार

**नाथद्वारा।** धर्म नगरी,वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधान पीठ, उत्सव, मनोरथ ,आयोजन, सहित पर्यटन नगरी के रूप में विकसित होने वाली वाली नगरी में वल्लभ कुल परिवार का बड़ा योगदान रहा है जिसमें देश विदेश से आने वाले वैष्णव जन पर्यटकों यात्रियों को दर्शन लाभ के अलावा नगर में वल्लभ कुल परिवार द्वारा सदियों से दर्शनीय स्थलों का निर्माण कार्य करवाया गया जिसमे प्रमुख रूप से लाल बाग रामोला गणेश टेकरी कछवाई बाग, गांधी पार्क का निर्माण कराया गया था समय के साथ साथ देश भर से पर्यटकों यात्रियों वैष्णव जन का नाथद्वारा नगर में अवागमन बढ़ता गया जिसको लेकर वल्लभ कुल शिरोमणि तिलकायत महाराजश्री श्रीराकेश जी महाराज कि आज्ञा अनुसार व आधुनिक विकास के प्रणेता विशाल बावा के निर्देशानुसार नाथद्वारा नगर में विकास को लेकर आवास, पार्किंग, चिकित्सा, शिक्षा, सुरक्षा, दर्शन, पर्यटन ,व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए साथ ही, आने वाले समय में हजारों साल तक इस धर्म नगरी में वल्लभ कुल शिरोमणि तिलकायत महाराजश्री श्री की आज्ञा अनुसार व वल्लभ कुल दीपक आधुनिक विकास के प्रणेता विशाल बावा



साहेब के दिशा निर्देश मे देश के नामी कॉरपोरेट जगत के परम भगवतीय वैष्णव गिरीश भाई शाह द्वारा गिरिराज परिक्रमा स्थित गिरिराज पर्वत की चोटी पर एक सो आठ फिट ऊंची हनुमान प्रतिमा (दक्षिण मुखी) हाथ जोड़कर खडी प्रतिमाकी स्थापना हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया जिसके चलते नगर के प्रमुख इंजीनियर प्रमोद सनाढ्य, व उनकी टीम के शिरीष सनाढ्य, गिरीश कुमावत सहित टीम द्वारा बड़े मगरे की चोटी पर हनुमान प्रतिमा स्थापना हेतु प्रथम चरण का प्लेटफार्म फाउंडेशन भरने का कार्य सफलता पूर्वक पूरा किया गया। इस दौरान पहाड़ की खड़ी चढ़ाई पर कार्य करने वाले को भारी परेशानी का सामना करना पड़, उसके उपरान्त ठाकुर जी कि कृपा, वल्लभ कुल परिवार का आशिर्वाद व कार्य करने वालों टिम का दृढ़ संकल्प मजबूत इरादे से कार्य पूरा हुआ जिस पर आज मूर्ति स्थापना करवाने वाले परम भगवतीय वैष्णव गिरीश भाई शाह ने आर्टिटेक अनिल सोनावत , आशीष डॉगी, पुष्पेंद्र प्रजापत सागर सुथार, खेतेश सोलंकी द्वारा द्वितीय चरण में मूर्ति स्थापना हेतु मूर्ति के पार्ट को ऊपर लेजाने के लिए विशेष रूप से रैम्प बनाने के लिए मौका मुवावना किया गया जिसके लिए तैयारिया युद्ध स्तर की जा रही है।

# युवा महोत्सव कार्यक्रम 9 को, मदन मोहन मैरिज गार्डन में होगा आयोजित

### वंचित रहे विद्यार्थी 7 दिसंबर को ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी करवा सकते हैं

हमारा समाचार

**नीमकाथाना।** पाटन ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 09-12-2024 को स्थल मदन मोहन मैरिज गार्डन कोटपूतली रोड़ पाटन में प्रातः 10.00 बजे से किया जाएगा। सत्य प्रकाश टेलर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाटन ने जानकारी दी कि युवा महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 5 गतिविधियाँ? हैं जैसे - (1) सांस्कृतिक (2) जीवन कौशल (3) विषयगत (4) युवा कीर्ति (5) गैर प्रतिस्पर्धा। इनमें कुल 18 उप गतिविधियर्थी - (1) कृषि उत्पाद (2) भपंग (3) औपचारिक संबोधन (4) सामूहिक लोक नृत्य (5) सामुहिक लोक गायन (6) सामुहिक शिल्पकला (7) कठपुतली (8) फड़ (9) माण्डणा (10) मोरचंग (11) अलगोजा (12) पेंटिंग (13) कविता (14) एकल लोक नृत्य (15) एकल लोक गायन (16) कहानी लेखन (17) बुनाई (18) विषयगत प्रतिस्पर्धा (विज्ञान मेला), आयोजित किये जाएँगे । ब्लॉक में कुल 809 युवाओं द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने हेतु ऑन लाइन रजिस्ट्रेश किया है। जिसमें कुल पुरुषः 374 महिला 435 हैं। कार्यक्रम में 15 से 29 आयुवर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। जिन युवाओं द्वारा ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन किया गया है, उनका ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन दिनांक 07-12-2024 को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पाटन में दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। ऑफ लाईन रजिस्ट्रेशन नहीं करवाने की स्थिति में प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा में भाग नहीं ले सकेगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी, प्रतिस्पर्धा से संबन्धित आवश्यक सामग्री स्वयं अपने स्तर पर सारे लेकर आएँगे ।लेकिन राज्य सरकार युवाओं को मनोबल बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रही है लेकिन युवाओं को मनोबल बढ़ाने के लिए सामग्री सरकार द्वारा ही उपलब्ध करवाई जाए जिससे काफी सुधार आएगा और कला के प्रति जागरूकता भी आएगी जब कला सामग्री बच्चों को उपलब्ध करवाई जाएगी तो अच्छा होगा।

# कोटा–बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ की बोर्ड बैठक सम्पन्न सरस विजिलेंस टीम करेगी दूध का दूध, पानी का पानी

हमारा समाचार

**कोटा।** कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. की बोर्ड बैठक शुक्रवार को सरस सभागार में आयोजित की गई। एमडी दिलखुश मीणा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता चैयरमैन चैनसिंह राठौड़ द्वारा की गई। बैठक में आरसीडीएफ के प्रतिनिधि एवं संचालक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। मीणा ने बताया कि बोर्ड बैठक में अध्यक्ष राठौड़ की सहमति से संघ की भौतिक एवं आर्थिक प्रगति, 180 मिलीलीटर दुग्ध पैकेजिंग, नए समिति सदस्य बनाने सहित 10 बिंदुओं पर चर्चा की गई। राठौड़ ने बताया कि कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. की समितियों में मिलने वाले दुग्ध की गुणवत्ता की जांच, पशुधन की गणना और नियमितता से प्राप्त शुद्ध दूध की गुणवत्ता के लिए सरस डेयरी प्रबंधन के माध्यम



से एक विजिलेंस टीम का गठन करने की योजना बनाई है। इसमें 5 सदस्यों की टीम बनाई जाएगी ।राठौड़ ने कहा कि संघ शुद्धता का युद्ध लड़ रहा है, इस क्रम में विजिलेंस टीम का गठन किया गया है। यह टीम दुग्ध निरीक्षण सहित पशुधन की जांच का कार्य भी करेगी। अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि विजिलेंस टीम में 5 सदस्य होंगे, जिनमें एक सदस्य प्रयोगशाला, परीक्षण एवं विपणन विभाग से होगा तथा अन्य दो सदस्य सरस डेयरी के कर्मचारी होंगे। राठौड़ ने यह भी बताया कि यह टीम न केवल दुग्ध का निरीक्षण करेगी, बल्कि सरस और सरकार की योजनाओं को पशुपालकों तक पहुंचाने का सेतु भी बनेगी। साथ ही सरकारी सहायता के लिए जागरूकता फैलाने का कार्य भी करेगी। एमडी दिलखुश मीणा ने बताया कि बोर्ड बैठक में अध्यक्ष राठौड़ की अनुमति से पांच समितियों को दुग्ध संघ की सदस्यता प्रदान की गई है। इनमें कोटा की कल्याकुई तथा बूंदी की बिजलवां, देहित, जजवाड़ महिला, देवपुरा महिला समिति शामिल हैं।

# मेवाड़ के आराध्य श्रीएकलिंगजी मंदिर में छोटे कपड़े पहनकर जाने पर रोक जय एकलिंग नाथ

हमारा समाचार

**नाथद्वारा।** राजसमंद उदयपुर जिले के बोर्डर पर स्थित मेवाड़ नाथ से विश्व प्रसिद्ध एकलिंग महादेव मंदिर में मयार्दा परम्परा को ध्यान में रखते हुए नए नियमों के तहत यहां दर्शन करने आने वाले भक्त छोटे कपड़े (मिनी स्कर्ट, बरमूडा) और नाइट सूट पहन कर दर्शन नहीं कर पाएंगे। वहीं मोबाइल ले जाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है मंदिर प्रबंधन की ओर से नए नियमों को लेकर बैनर शुक्रवार को परिसर में लगा दिया गया है। मंदिर के लिए नियम 1. कृपया जूते, मोजे और चमड़े की वस्तुएं (वॉलेट, बेल्ट और बैग) परिसर के बाहर उतार दें। 2. धूम्रपान वर्जित है। 3. मंदिर परिसर में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। 4. मंदिर परिसर में फोटोग्राफी की अनुमति नहीं है। 5. मंदिर परिसर में गुटखा, पान-मसाला, माचिस, लाइटर और नशे में धुत



व्यक्तियों का प्रवेश भी वर्जित है। 6. मंदिर में पालतू जानवरों या किसी भी तरह के हथियार का प्रवेश वर्जित है। 7. मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए शालीन कपड़े पहनने का अनुरोध किया जाता है। हाफ पैंट बरमूडा, मिनी स्कर्ट जैसे छोटे कपड़े पहने लोगों को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी।

# विशाल रक्तदान शिविर 8 दिसंबर को, पोस्टर का किया विमोचन

### जन्मदिवस व शादी की वर्षगांठ एक साथ, समाज के लोग करेंगे सामूहिक सेवा कार्य

हमारा समाचार

**कोटा।** श्री बालाजी फाउंडेशन की ओर से 8 दिसंबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कैथुन क्षेत्र में किया जाएगा। इस विशाल रक्तदान शिविर में शहर की विभिन्न संस्थाएं और समाज सेवी रक्तदान कर समाजसेवी सोनू साहू का जन्मदिन मनाएंगे। इस कार्यक्रम के निमित्त शुक्रवार को रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक खंडेलवाल एवं लायंस क्लब कोटा टेक्नो के भुवनेश गुप्ता व अन्य समाजसेवियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोनू साहू ने बताया कि टीम सोनू साहू समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती चली आ रही है और 8 दिसंबर को उनका जन्मदिन एवं शादी की वर्षगांठ एक साथ



है, ऐसे में वह इस दिन को यादगार बनाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी शादी में भी सभी को रक्तदान एवं नेत्रदान संकल्प पत्र भरवाए थे, बारात भी तख्तियों के साथ सामाजिक संदेश देते हुए निकल गई थी, उसी परंपरा को निर्वहन करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समस्त राठौर तेली समाज कोटा संभाग के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में समाज के साथ अन्य लोग भी शिरकत कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। इस अवसर पर डॉ. दीपक खंडेलवाल ने कहा कि रक्तदान जैसा सामाजिक कार्य दूसरा नहीं हो सकता, इसमें किसी का जीवन बचाने का पुण्य हमें प्राप्त होता है। भुवनेश गुप्ता ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल मरीज को लाभ होता है बल्कि स्वयं भी स्वस्थ रहते हैं। इस अवसर पर सोनू साहू जाड़ला अध्यक्ष संस्थापक श्री बालाजी फाउंडेशन, सुरेश राठौर संरक्षक श्री बालाजी फाउंडेशन, बालकिशन राठौर कार्यक्रम प्रभारी, टीम जीवनदाता के नितिन मेहता , डॉ दीपक खंडेलवाल, भुवनेश गुप्ता , पंकज सिंह, वीरेंद्र, वंदना, दिव्या, रामप्रसाद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आरएफसी प्रबंध निदेशक मीणा पहुंचे उद्योग संघ, हुई उद्यमियों के साथ गहन चर्चा

हमारा समाचार



**बीकानेर।** राजस्थान वित्त निगम के प्रबंध निदेशक हरिमोहन मीणा बीकानेर में राजस्थान वित्त निगम एवं उद्यमियों में आपसी सामंजस्य को प्रभावी बनाने बीकानेर जिला उद्योग संघ आए` प्रबंध निदेशक हरिमोहन मीणा ने बताया कि निगम को वर्तमान में उद्योगपतियों के साथ की आवश्यकता है निगम उद्योगपतियों से सुझाव लेकर निगम की कार्यप्रणाली में सुधार करने को तत्पर है` बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने निगम की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने व सरलीकरण हेतु सुझाव प्रकट करते हुए बताया कि राजस्थान वित्त निगम का कई वर्षों पूर्व बीकानेर में पूरे संभाग का डीजीएम स्तर का कार्यालय होता था जिससे उद्यमियों की समस्याओं व लोन संबंधी कार्यों का निपटारा तुरंत हो जाता था लेकिन अब संभाग कार्यालय बीकानेर में शाखा प्रबंधक की भी स्थाई नियुक्ति नहीं है और ना ही कार्यालय में आवश्यकतानुसार कर्मचारीयों की नियुक्ति है` निगम द्वारा युवाओं को नए उद्योग लगाने के लिए जारी युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के लिए ऋण की सीमा 2 करोड़ रुपए कर रखी है जो कि एक नए उद्योग के लिए प्रयाप्त नहीं है इसकी सीमा को बढाकर 5 करोड़ किया जाए साथ ही इस ऋण हेतु आवेदन करने वाले उद्यमी की आयु सीमा जो कि 45 वर्ष है उसको बढाकर 55 वर्ष किया जाए। निगम द्वारा उद्योग स्थापना हेतु दी जाने वाली अन्य योजनाओं में ब्याज दर राष्ट्रीयकृत बैंकों की अपेक्षा में काफी ज्यादा है जबकि निगम को अपने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए ब्याज दरों में कमी करने की आवश्यकता है। निगम द्वारा नए लगने वाले उद्योगों को दिए जाने वाले ऋण में सब्सिडी प्रदान की जाती है वहीं दूसरी और पुराने चल रहे उद्योगों को अपने उद्योग के विस्तार एवं नवीनीकरण हेतु लिए जाने वाले ऋण पर किसी प्रकार की सब्सिडी नहीं प्रदान की जाती है निगम को इस व्यवस्था में भी सुधार की आवश्यकता है` यदि कोई उद्यमी निगम से लिए गये ऋण को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से टेक ओवर करना चाहता है तो यह प्रक्रिया आसानी से की जा सकती है लेकिन यदि कोई उद्यमी निगम से ऋण प्राप्त कर बैंक के ऋण को टेक ओवर करना चाहे तो निगम यह सुविधा उपलब्ध नहीं करवाता है इसमें उद्यमी को पहले बैंक से लिए गया अपना ऋण चुकाना पड़ता है तत्पश्चात ही निगम ऋण का भुगतान करता है। इस व्यवस्था में भी सुधार की आवश्यकता है` साथ ही इस अवसर पर जिले के औद्योगिक संगठनों व उद्यमियों ने मीणा को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा मीणा ने बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा निर्मित आर्ट गैलेरी का अवलोकन कर कहा कि एक ही छत के नीचे पूरे बीकानेर के दर्शन हो गये` इस अवसर पर राजस्थान वित्त निगम शाखा प्रबंधक रिछपाल पवारिया, रिको क्षेत्रीय प्रबंधक एस.पी. शर्मा, सचिव वीरेंद्र किराडू, उपाध्यक्ष नरेश मित्तल, अनंतवीर जैन, गोपीकिशन गहलोत, शांतिलाल लूणकरण सेठिया, राकेश कोचर, प्रशांत कंसल, गौरव माथुर, पी.सी. गोयल, किशनलाल बोथरा, चेतन पणिया, प्रकाश सोनावत, अमित गोयल, सुरेश सेठिया, आदित्य बिहाणी, निर्मल पारख, मांगीलाल सुथार, पियूष सेठिया आदि उपस्थित हुए।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष ट्रेन को किया रवाना



हमारा समाचार

**बीकानेर।** देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष ट्रेन बीकानेर रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम-मदुरै तीर्थ स्थल पर यात्रियों को लेकर शुक्रवार को रवाना हुई। बीकानेर एवं चूरू जिले के 772 यात्रियों को बीकानेर रेलवे स्टेशन से देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी, मोहन सुराणा, गोपाल अग्रवाल आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विशेष ट्रेन में बीकानेर रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं के लिए श्वेता चौधरी, सुनीता मेहरा, महेश कुमार शर्मा, रितेश श्रीमाली, गोपाल आचार्य, राजेश दाधीच, अनसुइया शर्मा, सोनू शर्मा, पुरुषोत्तम, मोहन, अभिषेक श्रीमाली, कल्पिश शर्मा को नियोजित किया गया।

## देशनोक में श्रद्धालुओं की आवागमन सुविधा के लिए मुख्य सड़क निर्माण की स्वीकृति जारी

हमारा समाचार

**बीकानेर।** कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी की अनुशंसा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बजट घोषणा 2024-25 के क्रम में देशनोक में श्रद्धालुओं की आवागमन सुविधा के लिए 1.3 किलोमीटर मुख्य सड़क निर्माण की स्वीकृति जारी कर दी गई है। विधायक भाटी ने बताया कि नगर पालिका देशनोक में बादल सिंह के घर से पाबू खेजड़ा करणी माताजी मंदिर होते हुए रेलवे स्टेशन के सामने तक 1.3 किलोमीटर डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति विभाग द्वारा जारी की गई है। भाटी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र देशनोक की मुख्य सड़क का निर्माण कार्य होने से देशनोक में मां करणी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को भी आवागमन सुविधा मिलेगी। विधायक ने इस सड़क की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी करने के लिए मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## मजबूत हो रहा शैक्षणिक तंत्र, विद्यार्थियों को मिल रहा शिक्षा का बेहतर माहौल

हमारा समाचार



**बीकानेर।** राज्य सरकार गांवों से लेकर शहरों तक शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए महत्वाकांक्षी परियोजनाओं-कार्यक्रमों पर निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई का सकारात्मक माहौल तैयार कर, भावी पीढ़ी के उन्नयन हेतु अच्छे अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिले में शिक्षा विभाग द्वारा समावेशित शिक्षा के तहत 85 दिव्यांग विद्यार्थियों को बीकानेर-उदयपुर-नाथद्वारा की एक्सपोजर विजिट द्वारा सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विशेषताओं से परिचित करवाया गया। साथ ही एक हजार 395 दिव्यांग विद्यार्थियों को ट्रांसपोर्ट, एस्कॉर्ट, रीडर एवं स्टाईपेंड भत्तों से लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार जिला स्तर पर अंग/उपकरण वितरण शिविर 7 अगस्त को आयोजित किया गया। इस दौरान चयनित 119 विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को 221 उपकरण वितरण किए गए। इसके अलावा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में स्कूली विद्यार्थियों में आजीविका अर्जन कौशल विकसित करने के लिए जिले के 168 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एंड वैलनेस, आई.टी., एग्रीकल्चर, अपरेजल मेड अप आदि व्यवसायों के लिए दक्ष बनाये जाने के कार्य किए जा रहे है। वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों को कौशल विकास सामग्री के रूप में स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु किट उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। बालिका शिक्षा सम्बलन के लिए जिले में 7 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में बालिकाओं को निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, डिजिटल लाइब्रेरी आदि सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रोत्साहन के लिए समग्र शिक्षा द्वारा महिला शिक्षिकाओं के माध्यम से बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। बच्चों एवं अभिभावकों को डिजिटल दुनिया से परिचित करवाने के लिए 187 विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं। मिशन स्टार्ट के तहत 444 विद्यालयों में 4 टीवी हॉर्ड डिस्क उपलब्ध करवाई गई है। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि विकास एवं प्रोत्साहन के लिए 400 विद्यार्थियों को वैज्ञानिक रूप से समृद्ध स्थानों, संस्थानों, कारखानों, जल परियोजनाओं आदि का भ्रमण करवाया गया। जिले में 17 पीएम श्री विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गत दो शैक्षणिक सत्रों में 23 हजार 283 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। गार्गी पुरस्कार योजना, बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना के तहत 6 हजार 697 बालिकाओं को 2 करोड़ 65 लाख 99 हजार 200 रुपये हस्तांतरित किए गए। युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर शिक्षा नीति पर निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

## विद्यार्थीगण भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सरीखे महापुरूषों के जीवन का अनुसरण करें: डॉ अरुण कुमार, कुलपति, एसकेआरएयू

हमारा समाचार

**बीकानेर।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर



श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से संविधान पार्क में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अरुण कुमार समेत कुलसचिव डॉ देवा राम सैनी, वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री, अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमला ढुकवाल, मानव संसाधन विकास निदेशक डॉ दीपिका धवन, आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी.सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ निर्मल सिंह दहिया, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार वर्मा समेत सभी डीन, डायरेक्टर, कृषि वैज्ञानिकों, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ और विद्यार्थियों ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ अरुण कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को डॉ भीमराव अंबेडकर जैसे महापुरुषों के जीवन का अनुसरण करना चाहिए। जिस तरह से बाबा साहब लंदन पढ़ने गए और फिर वे कहां से कहां पहुंच गए। हम सब आज उनको संविधान निमार्ता के रूप में जानते हैं। इसी तरह सभी विद्यार्थी, शिक्षक गण कृषि विश्वविद्यालय के नियम कायदों का अनुसरण करते हुए एक साथ मिलकर समर्पित भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन कर बेहतरीन परफॉर्मेंस दें तो निश्चित रूप से हम विश्वविद्यालय को भी चरमोत्कर्ष पर ले जाने में सफल होंगे। शिक्षक गण ऐसे विद्यार्थी तैयार करें कि आज भी समाज में उनकी प्रतिष्ठा हो और आगे भी बनी रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में छात्र कल्याण निदेशक डॉ एन.एस.दहिया ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संबोधन दिया।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर विशाल रैली का भव्य आयोजन




हमारा समाचार

**बीकानेर।** दुर्गम परिस्थितियों में युद्ध एवं उग्रवाद से संघर्ष करते हुए सशस्त्र सेना के जवान अपने प्राण न्योछावर कर देते हैं, और बहुत से सैनिक दिव्यांग हो जाते हैं, 7 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष सशस्त्र सेना झंडा दिवस केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा मनाया जाता है, इस पावन दिवस पर गौरव सेनानियों, शहीद वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्यानार्थ सहयोग राशि एकत्रित की जाती है । यह उद्गार आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा निकली गई रैली के अवसर पर कर्नल यश राठौड़ ,जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने व्यक्त किये । शुक्रवार प्रातः सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर आम नागरिकों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रातः वार मेमोरियल स्थल से एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जो कि तुलसी सर्किल, मेजर पूर्ण सिंह सर्किल होते हुए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पूर्ण हुई । इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती सुषमा बिस्सा ने रैली में आए सभी लोगों को इस दिन के बारे में बताते हुए झंडा दिवस को सार्थकता प्रदान करने हेतु निवेदन किया। इस रैली में सैन्य अधिकारियों के रूप में कर्नल देवी सिंह बीका राजेंद्र सिंह बीका, कैप्टन प्रभु सिंह, सूबेदार किशन सिंह, सूबेदार सरवन सिंह ,सूबेदार राजेंद्र सिंह ,एनसीसी की सेवंथ राज और थर्ड राज बटालियन के रामपुरिया कॉलेज के कैडेट्स जैन पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राएं बीकानेर के विभिन्न विशिष्ट जन एवं सैन्य अधिकारियों ने भाग लिया । रैली के समापन के अवसर पर कर्नल हेम सिंह शेखावत ने विशाल रैली को संबोधित करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह चौहान ने किया।

## महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन ग्रेटर केंद्र का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

हमारा समाचार

**बीकानेर।** महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, (मीशो) बीकानेर ग्रेटर केन्द्र का शपथ ग्रहण समारोह स्टेशन रोड स्थित होटल राजमहल में आयोजित किया



गया। समारोह की अध्यक्षता रामेश्वरानंद जी महाराज 'दाताश्री' अधिष्ठाता, पीठाधीश्वरः ब्रह्म गायत्री सेवाश्रम ने की तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के अंतरराष्ट्रीय महासचिव लोकेश कावडिया रहे। इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई, नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर वीर डॉ. नरेश गोयल, उपाध्यक्ष पद पर पूर्ण चंद राखेचा, राजेन्द्र जोशी एवं डॉ.शरत चंद्र मेहता चुने गए सचिव पद पर कल्याण मल सुथार एवं संयुक्त सचिव वेद प्रकाश अग्रवाल, महावीर बैद एवं डॉ पूजा मोहता मनोनीत हुई है। कोषाध्यक्ष संजय कोचर होंगे। निदेशक मंडल में जयचंद लाल सुखाणी, संदेश मानसिंहका, सत्यनारायण राठी, बृजमोहन अग्रवाल, गजेंद्र सिंह राठौड़, विपिन जैन, हजारी देवड़ा एवं दीपेंद्र सोनी को अंतर्राष्ट्रीय महासचिव लोकेश कावड़िया ने दायित्व ग्रहण करवाया, शपथ दिलाई। इससे पूर्व 60 से अधिक सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में निदेशक मंडल के सदस्य जयचंद लाल सुखाणी ने देहदान की घोषणा की तथा आगामी 5 जनवरी को नेत्र जांच शिविर एवं निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शरत चंद्र मेहता ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें अपने दायित्व का बोध होना चाहिए। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य महानुभाव मौजूद रहे।

## बीकानेर रेल मंडल पर मनाया गया नागरिक सुरक्षा दिवस

हमारा समाचार



**बीकानेर।** बीकानेर रेल मंडल पर शुक्रवार को 62 वां नागरिक सुरक्षा दिवस मनाया गया। अल सुबह मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने स्थित रेलवे स्काकउट हट में नागरिक सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम नागरिक सुरक्षा के नीले झंडे का झंडारोहण करके विधिवत शुरूआत रूपेश कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा द्वारा की गई। जिसे सभी उपस्थित ने सलामी दी। तत्पश्चात गृह मंत्री भारत सरकार द्वारा प्रेषित नागरिक सुरक्षा दिवस के संदेश का वाचन किया गया। जिसमें बताया गया कि देश में जब भी नागरिक सुरक्षा और आपदाओं में राहत की बात आती है, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक संगठन के योदान को हमेशा सराहा जाता है। इस संगठन के स्वयं सेवक अपनी जान की परवाह किए बिना, कठिन, विषम, विपरीत परिस्थितियों में प्राकृतिक और मानकजनित आपदाओं के दौरान लोगों की जान-माल की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार, वर्तमान नीतियों को ध्यान में रखते हुए, इन संगठनों के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। स्वंयसेवकों के अत्याधुनिकीकरण के साथ- साथ उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह सर्मपित है। इस नागरिक सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य से पूर्व नागरिक सुरक्षा के कुछ कैंप आयोजन की बात रखी ताकि कर्मचारियों में जागरूकता बढे और कार्यक्रम और अच्छे से आयोजित किया जा सकें। जिस पर वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी महोदय ने अपनी सहमति जताई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबन्धक रुपेश कुमार, वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी रणसिंह गोदारा, सतीश मीणा मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, अर्जुन कुमार डीईई/टीआरडी, एईएन, एच.पी. दानदोया, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी, एवं संरक्षा, इंजीनियरिंग सिगनल एवं दूरसंचार, कैएवंवे, बिजली विभाग के कर्मचारियों में क्रमशः संजय कुमार हर्ष, शाहिद अली, नवीन कुमार, शहजाद, अशोक कुमार व्यांस, नरेन्द्रस कुमार, धीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नारायण कुमार, मनीष सैन, प्रयागचंद, बृजेश सिंह, राजकुमार, मानकेश कुमार, अश्विनी, सोनू कुमार, जाकिर, देवेन्द्र कुमार शर्मा, अखिल, सहित रेलवे के अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## 62वें गृह रक्षा स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हमारा समाचार

**बीकानेर।** गृह रक्षा विभाग के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सीमा गृह रक्षा दल कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व महापौर श्रीमती सुशीला कंवर राजपुरोहित, सीमा गृह रक्षा दल के गण समादेष्टा अरुण सिंह भाटी और गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के समादेष्टा आनन्द कुमार मीणा ने झंडारोहण कर स्थापना दिवस की शुरूआत की। इसके पश्चात परेड प्रभारी प्लाटून कमाण्डर विरेन्द्र सिंह खोसा के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने परेड का प्रदर्शन किया। पूर्व महापौर श्रीमती सुशीला कंवर ने कहा कि गृह रक्षा विभाग निस्वार्थ सेवा एवं नागरिक सुरक्षा के लिए जाना जाता है। विभाग के स्वयं सेवक आमजन की सहायता के लिए सदैव कर्तव्य निष्ठा तथा अनुशासन के साथ तैयार रहते हैं। उन्होंने गृह रक्षा स्वयं सेवकों को सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति-पत्र दिए। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, सीमा गृह रक्षा दल एवं गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र के कार्मिक, स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम संपन्न : बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हमारा समाचार



**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल "एक पेड़ मां के नाम के तहत" आज फ्लोरिश इंटरनेशनल स्कूल बीकानेर पौधारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मातृ सम्मान को प्रकृति से जोड़ना था। इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने माता-पिता के नाम पर पौधे लगाए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर राहुल यादव ने ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इससे बच्चों को प्रकृति और परिवार के महत्व का भी अहसास होगा। कार्यक्रम संयोजिका आकांक्षा रौतेला ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा, एक पौधा लगाने का मतलब है जीवन की एक नई शुरूआत। यह सिर्फ पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार है। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्रोच्चार और पर्यावरण के महत्व पर आधारित एक प्रेरणादायक प्रस्तुति से हुई। विद्यालय के छात्रों ने समूहों में मिलकर पौधे लगाए। उन्होंने इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए पौधों को "मां के नाम" समर्पित किया। इस अवसर पर छात्रों को पौधारोपण का संकल्प भी दिलवाया गया। डायरेक्टर राहुल यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। उन्होंने कहा कि हर पौधा हमें जीवन देता है, और इसे बचाना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम संयोजिका आकांक्षा रौतेला ने कहा, यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति हमारा दायित्व निभाने का अवसर है, बल्कि मातृ दिवस को एक नई सोच के साथ मनाने का भी प्रयास है। पौधों को 'मां' से जोड़कर बच्चों में भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों, और बच्चों के साथ-साथ स्थानीय समाजसेवियों ने भी हिस्सा लिया। कुल मिलाकर 200 से अधिक पौधे लगाए गए, जिसमें फलदार, फूलदार और छायादार पौधे शामिल थे।

## स्थानीय बीएड कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



हमारा समाचार

**श्रीमाधोपुर।** स्थानीय श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज में आज बीएड प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिकाओं के लिए कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. बी.एल. सैनी ने बताया कि संस्थान के निदेशक श्री जितेंद्र शर्मा ने टॉस करवा कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का पहला मैच टीम ए और टीम सी के बीच खेला गया, जिसमें टीम ए विजेता रही। दूसरा मैच टीम बी और टीम डी के बीच हुआ, जिसमें टीम डी ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला टीम ए और टीम डी के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल कौशल का प्रदर्शन किया, लेकिन टीम डी ने बाजी मारते हुए खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त छात्राध्यापिकाएं और समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. बी.एल. सैनी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हमारा समाचार
आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2012/45657, डाक पंजीयन संख्या RJ/JPM/151/2022-2024



# डॉग की आंख पर पट्टी, पार किया रस्सी का पुलः ट्रक से कूद आतंकी को पकड़ा; पहली बार शामिल होगी महिला टुकड़ी

हमारा समाचार

**जोधपुर।** सीमा सुरक्षा बल (BSF) का 60वां स्थापना दिवस इस बार जोधपुर में मनाया जाएगा। रविवार को इसका मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। इससे पूर्व शुक्रवार को जोधपुर स्थित ट्रेनिंग सेंटर में फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इसमें सेना के जवानों के जवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। वहीं बीएसएफ की श्वान टीम ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया तो हर कोई हैरान था। इस दौरान एक डॉग की आंख पर पट्टी बांध उसे रस्सी का पुल पार करवाया गया। वहीं दूसरे डॉग ने सेना के ट्रक से छलांग मार एक आतंकवादी को पकड़ा। रविवार को होने वाले इस कार्यक्रम में पहली बार महिला टुकड़ी भी परेड में शामिल होगी। इसके साथ ही 7 जवानों को गेलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## 7 जवानों को मिलेगा गेलेंट्री अवॉर्ड



### जवानों को किया जाएगा सम्मानित

जम्मू कश्मीर में पाक बॉर्डर पर हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकियों को ढेर करने वाले 7 जवानों को गेलेंट्री पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसमें कॉन्स्टेबल अविनाश, मोहम्मद बाकीबुला, अनिल शर्मा, अवतार सिंह, राजू चौधरी, बी रामानुजेय व अनिल यादव शामिल है। कॉन्स्टेबल अमित कुमार ने छुट्टी पर जाने के दौरान रेलवे प्लेटफॉर्म पर एक मां व बच्चे का पांव ट्रेन में फंस गया और प्लेटफॉर्म पर घसीटते जा रहे थे। इन मां व बच्चे को तत्परता दिखाते हुए बचाया और खुद गंभीर चोटिल हुए। इस कार्य के लिए उन्हें जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को राष्ट्रपति व पुलिस पदक मिलेंगे।




### फुल ड्रेस रिहर्सल में बीएसएफ ने दिखाई अपनी ताकत

फुल ड्रेस रिहर्सल में बीएसएफ की हर टीम ने अपनी ताकत और शक्ति का प्रदर्शन किया। महिला टुकड़ी ने बाइक पर पिरामिड बनाया तो मैदान में मौजूद लोगों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। बीएसएफ की बाइकर्स टीम ने भी अलग-अलग फॉर्मेशन बनाई। इस दौरान जब आग के गोले से बाइक निकली तो हर कोई हैरान था। गजराज टीम जिस गाड़ी में आई थी उसे 2 मिनट 36 सेकेंड में पूरा खोलकर दोबारा जोड़ दिया। वहीं डॉग स्क्वाड की टीम ने भी एक से बढ़कर एक फॉर्मेशन का उदहारण सभी को दिया। स्ट्रीट डॉग के आंखों पर पट्टी बांधकर जब उसे रस्सी के पुल पर उतारा गया तो उसने वह पुल पार कर लिया। वहीं प्रदर्शन के दौरान करीब 15 से 20 फीट तक छलांग लगाई।

### ध्रुव और एमआई 17 ने ली हवा में सलामी

फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम की शुरूआत महिला और अन्य राज्यों से आई कंटेजेंट यानी टुकड़ी के जवानों की परेड के साथ हुआ। इस परेश में आर्टिलरी, अश्व,केमल, केमल माउंट बैंड टुकड़ी शामिल थी। ट्रेनिंग सेंटर के चंदेल परेड ग्राउंड में जब ये सारी टुकड़ी परेड के साथ पहुंची तो तालियों के साथ इनका स्वागत किया गया। इस परेड में पहली बार महिला टुकड़ी भी शामिल हुई। इसके बाद ध्रुव और एमआई 17 ने उड़ान भरते हुए हवा में सलामी ली। इस परेड में राजस्थान, गुजरात, साउथ बंगाल, नॉर्थ बंगाल, गुवाहाटी, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम की टुकड़ी शामिल हुई। बैंड पर कदमताल करते हुए परेड की कमान संभाल कर कमांडर राजेंद्र सिंह रौतेला ने शस्त्र से सलामी ली और परवीन चाहर परेड की सूचना देने आए और बताया कितने लोग परेड करेंगे। जब सीमा प्रहरियों के बल के निशान को परेड में शामिल किया तो इस दौरान सभी वर्दी धारियों ने बल के निशान को सम्मान देते हुए खड़े होकर सेल्यूट किया और सलामी ली। कार्यक्रम में मुख्य डायरेक्टर जेनरल बीएसएफ दलजीत सिंह चौधरी थे। आईजी राजस्थान एम एल गर्ग सहित देश भर की बीएसएफ कमान के अधिकारी मौजूद थे।

---

**आवासन आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक लेण्ड बैंक को लेकर दिये निर्देश**

# जिलों में भूमि चिन्हित और अवाप्त करने के भरसक प्रयास करेंः आवासन आयुक्त

### प्रगतिरत कार्यो की कि समीक्षा

हमारा समाचार

**जयपुर।** मण्डल की आवासीय योजनाओं का प्रदेशभर में विस्तार करने तथा आवासन मण्डल का लेण्ड बैंक तैयार करने के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग लेते हुए जिलों में भूमि चिन्हित एवं अवाप्त करने के भरसक प्रयास करें, यह कहना है आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा का। उन्होंने कहा कि अभियंता फील्ड में जाकर मण्डल की आवासीय योजनाओं में स्थित लेण्ड पॉकेटस् चिन्ह्ति करें। डॉ. रश्मि शर्मा ने यह बात शुक्रवार को आवासन मंडल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही।



साथ ही उन्होंने कहा कि मण्डल प्रदेश के सभी अंचलों में आमजन को आवास देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होनें कहा कि निर्माण से आवंटन होने तक प्रत्येक प्रोजेक्ट में संवेदनशीलता एवं गंभीरता से कार्य किया जाये। डॉ. शर्मा ने मण्डल की प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये तथा कार्यों को टीम भावना से एक दूसरे का सहयोग करते हुए पूर्ण करने का सुझाव दिया। इसके साथ ही डॉ. शर्मा ने निर्देश दिये कि लम्बे समय से निस्तारित ना होने वाली सम्पत्तियों को चिन्ह्ति कर प्रथम प्रयास में व्यापक प्रचार-प्रसार कर बुधवार नीलामी योजना के माध्यम से बेचने की कोशिश करने और इसके पश्चात शेष बची अनिस्तारित सम्पत्तियों को खुली बिक्री योजना के माध्यम से बेचने की कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नवीन आवासीय योजनाओं के संबध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियंता जमीन को अवाप्त करने से पहले कोस्ट बेनेफिट अध्ययन सुनिश्चित करें। डॉ. शर्मा ने कहा कि मण्डल भूमि हस्तांतरण की एसओपी बनाकर लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करें। आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बैठक में न्यायालय में लम्बित वाद, विवादित मकानों तथा लम्बित पंजीकरण से संबंधित बिन्दूओं पर भी गहन चर्चा की व उनके समयबद्ध निस्तारण के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य अभियंता-प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता मुख्यालय टी.एस. मीना, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

---

# पहली बार महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ी ओलंपियन लेकुसानु से हुई रूबरू





### स्टेडियम पर हैंडबॉल खिलाड़ियों को दिये टिप्स

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा सवाई मान सिंह स्टेडियम में संचालित महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ियों के लिए यह सपने से कम नहीं था कि रोमानिया की पूर्व ओलंपियन नर्सिसा लेकुशानु उनसे रूबरू हुई। अकादमी की खिलाड़ियों को लेकुशानु ने खेल के टिप्स दिए। साथ ही खिलाड़ियों ने भी उनसे सवाल जवाब पूछे। पहली बार गुलाबी नगरी में महिला ओलम्पियन हैंडबाल खिलाडी रोमानिया की नार्सिसा लेकुसानु हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह के बुलावे पर यहां आई है। वे जयपुर घुमी और सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित हैंडबॉल की खेल सुविधाओं को भी देखा। बीजिंग ओर्लपिक 2008 में रोमानिया को सांतवा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली और इंटरनेशनल हैंडबाल फेडरेशन की कार्यकारिणी सदस्य नार्सिसा लेकुसानु ने जयपुर विजिट किया और इस दौरान सिटी पैलेस, हवा महल, जल महल, आमेर महल आदि पर्यटन स्थल भी देखे। उन्होने कहा जयपुर के बारे में जैसा सुना था, उससे भी अच्छा लगा। हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने लेकुसानु का सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में ढोल नगाडो के बीच बुके भेट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान स्टेट हैंडबाल एसोसिएशन के मानद सचिव यश प्रताप सिंह और भारतीय टीम के कोच प्रियदीप सिंह सहित अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ी भी उपस्थित थे। 2005 की विश्व चैंपियनशिप में रोमानिया को रजत पदक दिलाने वाली 6.1 इंच की नार्सिसा लेकुसानु खेल सुविधाओं को देख कर काफी प्रसन्न नजर आई और कहा की इंडोर स्टेडियम भी अच्छा है। यहां आयोजित हुई हैंडबाल गतिविधियों के बारे में भी बातचीत की। डॉ. तेजराज सिंह ने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की हैंडबाल प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। सायं काल में लेकुसानु महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ियों के साथ साथ स्पोर्ट्स स्कूल व नियमित अभ्यास करने वाले हैंडबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होने खिलाडियों को नसीहत देते हुए कहा की वे लक्ष्य निर्धारित कर कडी मेहनत करेंगे तो सफलता उन्हे अपने आप मिलने लगेगी। अपने प्लेइंग करियर के साथ साथ वर्तमान में हैंडबॉल के परिदर्श्य के बारे में बताया।

---

# जेडीए ने जोन-5 में अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग को किया सील

हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05 में नंदपुरी, सोडाला के भूखण्ड संख्या एफ-12 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने ग्राउण्ड फ्लोर $ 03 मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाष चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित नंदपुरी, सोडाला के भूखण्ड संख्या एफ-12 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ ग्राउण्ड फ्लोर $ 03 मंजिला में अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर दिनांक 06.12.2024 को उक्त अवैध बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।







---

**बाल काटने वाले ने डिजिटल अरेस्ट कर 54 लाख ठगे**

# रिटायर्ड अफसर को ठगने वाले 2 लड़कों को अलवर से पकड़ा; खाते में मिले 9 लाख

हमारा समाचार

**अलवर।** सैलून की दुकान में काम करने वाले और पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा कर रहे लड़कों ने छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड अधिकारी से 54 लाख रुपए की ठगी की थी। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की साइबर थाना पुलिस ने शुक्रवार को दोनों लड़कों को अलवर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 2 मोबाइल कब्जे में ले लिए हैं। इसके अलावा बैंक से जुड़े सभी दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इन आरोपियों ने तीसरे साथी का नाम बताया है, जो इनको खाते और मोबाइल नंबर मुहैया कराता था। इन दोनों लड़कों को फ्रॉड में कमीशन मिलता था। अब इनके मोबाइल खंगाले जाएंगे।

### खाते से 9 लाख रुपए हुए बरामद

बिलासपुर क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर विजय चौधरी ने बताया- अलवर से निकुंज (20) पुत्र ताराचन्द निवासी स्कीम तीन और लक्ष्य सैनी (20) पुत्र बाबूलाल सैनी निवासी शिवाजी पार्क को गिरफ्तार किया है। एक लड़का सैलून में काम करता है, जबकि दूसरा पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कर रहा है। एक के पिता टेंट हाउस चलाते हैं और दूसरे के कुरियर कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने बताया- एक युवक के बैंक अकाउंट में ठगी की कुछ राशि ट्रांसफर हुई है। उसके अकाउंट से करीब 9 लाख रुपए बरामद हुए हैं। दूसरे के फोन का इस्तेमाल ओटीपी के लिए किया गया है। इनका तीसरा साथी गौरव फरार है। इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। विजय चौधरी ने बताया- जुलाई 2024 में बिलासपुर (छत्तीसगढ़) रेंज साइबर थाने में सेंट्रल सर्विस से रिटायर्ड जयसिंह चंदेल (71) ने एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने मेरे मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसने की बात कहकर मेरे साथ ऑनलाइन फ्रॉड किया है।

---

# बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया



हमारा समाचार

**हिंगोनिया।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर ग्राम जोरपुरा सुन्दरियावास के आम चौक स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छोटु राम खोवाल, गोवर्धन वर्मा, मालीराम खोवाल, राजाराम वर्मा,मुकेश वर्मा, रमेश वर्मा, संजय वर्मा, अभिषेक वर्मा, मालीराम वर्मा, भंवर लाल वर्मा समेत उपस्थित ग्रामीणों ने पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया।

---

# लम्बित परिवादों के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर परिहार ने ली बैठक

**संपर्क पोर्टल व जनसुनवाई के परिवादों का शीघ्र निस्तारण करने के दिये निर्देश**



हमारा समाचार

**दूदू।** संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर विभागवार लंबित प्रकरणों, विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई के प्रकरणों की ब्लॉकवार समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों तथा रास्तों से संबंधित परिवादों की समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों के औसत निस्तारण समय में कमी लाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में दूदू उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक केके मंगल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता गुरुशरण वर्मा सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

---

‘हमारा सामाचार’

राजसमन्द जिले की चारों विधान सभा क्षेत्र में, तहसील, पंचायत स्तर, पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर

राजस्थान का लोक प्रिय; तेजी से बढ़ता दैनिक सामाचार पत्र ‘हमारा सामाचार’ के लिए राजसमन्द जिले की, भीम, देवगढ़, आमेट, रेलमगरा, केलवाड़ा, कुंभलगढ़, खमनोर, देलवाड़ा, मन्यायाना, सालोर., कोठारिया, पाखंड, बनेडिया, रेलमगरा कुरज कुंवारियां, काकरोली, नाथद्वारा सहित तहसील, पंचायत स्तर पर शिक्षित, निर्भीक, निडर, निष्पक्ष, कलम कार कैमरा मेन जागरूक युवाओ कि आवश्यकता है जो अपने ग्रामीण क्षेत्रों की सच की आवाज उठा सके उसके लिए इच्छुक युवाओं को पत्रकारों बनने का सुनहरा अवसर।




के के सनाढ्य ग्वाल
ब्यूरो चीफ राजसमन्द
301/ वल्लभ कृष्णा रेजीडेंसी
लालबाग रोड़ नाथद्वारा राजसमंद
9950795678, 7597220212
02953-298167

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. (भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, सह-संपादकः झाबर सिंह धायल 9828467603, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।